YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-76 ❑ गुरुवार, 17 अप्रैल 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




बसपा साल 2027 में प्रस्तावित यूपी विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और इसको लेकर रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में निष्क्रियता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करने और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का निर्देश दिये।

मायावती


गांधी परिवार पर ईडी की कार्रवाई के बाद खरगे ने केंद्र सरकार को बनाया निशाना 11

आयकर कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता का प्रदर्शन 12


# वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई आजतक के लिए स्थगित

## मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने हिंसा पर जताई चिंता


कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई की जो गुरुवार को भी जारी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह कल भी इस मामले में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति खन्ना ने आज की सुनवाई के अंत में वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बलए राजीव धवनए ए एम सिंघवी और सी यू सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें दीं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं। शीर्ष अदालत के समक्ष बहस की शुरुआत श्री सिब्बल ने की। उन्होंने अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान मुस्लिम आस्था के आवश्यक और अभिन्न पहलुओं में हस्तक्षेप करता है। उन्होंने प्रस्तुत किया कि संशोधित प्रावधानों में ष्कानून के अनुसारष वाक्यांश आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को कमजोर करता है और विधायी अतिक्रमण के लिए द्वार खोलता है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि चुनौतियों को बिंदुवार प्रस्तुत किया जाए। इस पर श्री सिब्बल ने धारा 3;आरद्ध के प्रावधान को चुनौती देकर शुरुआत कीए श्यह उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को तब तक बने रहने की अनुमति देता है जब तक कि विवाद न हो या सरकार द्वारा दावा न किया जाए।श इसके बारे में उन्होंने तर्क दिया कि यह वक्फ के सार को कमजोर करता है।

धारा 3ए 2 यह प्रावधान जो वक्फ.अल.औलाद और महिलाओं को विरासत से संबंधित हैए श्री सिब्बल ने सवाल किया । इस्लामिक विरासत में हस्तक्षेप करने वाला राज्य कौन है जो केवल मृत्यु के बाद प्रभावी होता है।

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा हिंदू समुदायों के लिए समान कानून मौजूद हैंए और अनुच्छेद 26 धर्मनिरपेक्ष है और सभी धर्मों पर लागू होता है। फिर श्री सिब्बल ने धारा 3सी को भी चुनौती दीरू अधिनियम के लागू होने के बाद सरकार द्वारा पहचानी गई संपत्तियों को अब वक्फ नहीं माना जाएगा। धारा 3 सी 2 सरकार को बिना किसी निर्धारित समयसीमा के ऐसी संपत्तियों को एकतरफा घोषित करने की अनुमति देता हैए जिसे उन्होंने असंवैधानिक बताया। संरक्षित स्मारकों पर प्रावधान ● शेष पेज 11 पर



सुनवाई

❑ श्री सिंघवी ने अयोध्या फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को ऐतिहासिक रूप से मान्यता दी गई थी

❑ इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा हिंदू समुदायों के लिए समान कानून मौजूद हैं और अनुच्छेद 26 धर्मनिरपेक्ष है और सभी धर्मों पर लागू होता है

### उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति गवई को अपना उत्तराधिकारी नामित किया

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने शीर्ष अदालत के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई को अपना उत्तराधिकारी नामित किया है। मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने न्यायमूर्ति गवई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। यदि मंजूरी मिली तो न्यायमूर्ति गवई 14 मईए 2025 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के बाद अपनी सेवानिवृत्ति 23 नवंबरए 2025 तक इस पद पर बने रह सकते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना का मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल ● शेष पेज 11 पर

# रेलवे निगम को सबसे लंबी रेल सुरंग में मिली कामयाबी : केंद्रीय रेल मंत्री

एजेंसी


पौड़ी गढ़वाल। भारत की सबसे लंबी रेल सुरंग का आज सफलतापूर्वक ब्रेकथ्रू हो गयी है। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने यह एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह उत्तराखंड की 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग ब्रॉड गेज रेल परियोजना से जुड़ी है। यह रेल परियोजना 105 किलोमीटर सुरंग के अंदर बनी है। इसमें ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक कुल 16 सुरंग हैं। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से सुरंग स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से सुरंग की जानकारी ली। केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुरंग के सफल ब्रेकथ्रू पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों को बधाई दी। रेल मंत्री ने यह भी कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है और जल्द ही इस रेल लाइन पर संचालन शुरू होने की उम्मीद है। यह परियोजना राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह (देवप्रयाग-सौड़ से जनासु तक) 14.57 किलोमीटर लंबी रेलवे सुरंग ● शेष पेज 11 पर



# नासिक में अवैध दरगाह पर चला बुलडोजर

एजेंसी

मुंबई। नासिक जिले की काठे गली इलाके में बुधवार को तडक़े अवैध सातपीर दरगाह के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें चार पुलिस अधिकारियों सहित 31 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले की गहन छानबीन जारी है। नासिक के पुलिस उपायुक्त किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि अवैध सातपीर दरगाह पर अवैध निर्माण करा लिया गया था। उसे हटाया जा रहा था। तभी भारी भीड़ जमा हो गई थी। अधिकारी भीड़ को समझाने का प्रयास कर रहे थे, उसी समय अचानक पथराव शुरु हो गया। पुलिस ने आंसू गैस और हल्के लाठीचार्ज ● शेष पेज 11 पर



❑ पथराव में 31 पुलिसकर्मी घायल, 15 गिरफ्तार

### कवर्धा कलेक्टर कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप, छानबीन में नहीं मिला कोई विस्फोटक

कवर्धा/रायपुर। कवर्धा कलेक्टर कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी का ईमेल मिलने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस मेल के बाद पूरे कलेक्ट्रेट कार्यालय को सील कर गहन छानबीन की गई, लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु या कोई विस्फोट मिलने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस की साइबर शाखा मामले की जांच कर रही है। मेल में तमिलनाडु में एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी की हत्या की साजिश का भी जिक्र किया गया है। जिला प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह धमकी भरा मेल कश्मीर से आया है। इस मेल में बुधवार दोपहर ढाई बजे तक की टाइमिंग दी गई। कबीरधाम (कवर्धा) के ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल ने दो खूंखार नक्सलियों को किया ढेर

कोंडागांव/रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के मरकाम पाल में देर रात हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने दो खूंखार नक्सलियों को मार गिराया। घटना स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान हलदर और रामे के रूप में हुई है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार ने की है।बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बुधवार को बताया कि मुठभेड़ मंगलवार शाम को कोंडागांव और नारायणपुर जिलों की सीमा पर हुई थी। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक कोंडागांव-नारायणपुर के सीमा से सटे किलम -बरगुम क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी तथा बस्तर फाइटर्स की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर 15 अप्रैल को निकली थी। शाम को सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में अब तक दो नक्सली कैडरों के शव बरामद हुए हैं।मारे गए माओवादी डिवीजन कमेटी प्रभारी हलदर पर 8 लाख और ऐरिया कमेटी मेम्बर रामे पर 5 लाख का इनाम घोषित था। वहीं मुठभेड़ स्थल से एके-47 रायफल और एक अन्य हथियार, विस्फोटक सामान और नक्सलियों का दैनिक सामान बरामद हुआ है।

### इसरो में अंतरिक्ष अनुसंधान पर आयोजित शिविर में हिस्सा लेंगे तारकेश्वर

हुगली। दसवीं कक्षा के छात्र हिमग्न घोष तारकेश्वर से श्रीहरिकोटा जाकर अगले कुछ दिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में बिताएंगे। वह अंतरिक्ष अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं का आगे अध्ययन करेंगे। यह खबर बाहर आने के बाद तारकेश्वर के हरिपाल इलाके में उनकी खूब चर्चा हो रही है। हिमग्न घोष को बचपन से ही अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान में बहुत रुचि थी। वह हमेशा अंतरिक्ष विज्ञान की खबरें पढ़ते और अध्ययन करते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रॉकेट विज्ञान में कौशल बढ़ाने के लिए श्रीहरिकोटा स्थित इसरो कार्यालय में विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यहीं से उन्हें फोन आया।

श्रीहरिकोटा स्थित इसरो कार्यालय देश में नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान पर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष देश के विभिन्न भागों से छात्रों को वहां आमंत्रित किया जा रहा है। बताया गया है कि इस बार कुल 350 छात्र वहां जाएंगे।

# आगामी दिनों में जिला संगठन के माध्यम से पार्टी चुनावों में उम्मीदवार उतारेगी : राहुल

एजेंसी

मोडासा। गुजरात के मोडासा से संगठन सृजन अभियान पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते हुए कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को 1200 से अधिक बूथ प्रमुखों को संगठन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पार्टी जिला संगठन के माध्यम से उम्मीदवार उतारेगी और पार्टी में नई पीढ़ी को जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएगा। अरवल्ली जिले के मोडासा के स्वामीनारायण मंदिर हॉल में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक ओर भाजपा पर प्रहार किया तो दूसरी ओर गुजरात में संगठन की मजबूती से चुनाव जीतने की रणनीति पर बात की। राहुल गांधी ने कहा कि यह लड़ाई राजनैतिक है, लेकिन यह विचारधारा की भी लड़ाई है। देश में दो ही विचारधारा की पार्टी है, एक कंग्रेस और दूसरा आरएसएस-भाजपा। यदि भाजपा को हराना है तो रास्ता गुजरात से होकर जाता है।

राहुल ने कहा कि काफी सालों से गुजरात में पार्टी हतोत्साहित है, इस वजह से लगता है कि यह काम मुश्किल है। इसके लिए पार्टी में बदलाव लाना होगा। पार्टी के अंदर प्रोडक्टिव कम्पिटिशन होना चाहिए। राहुल ने पार्टी की कमियां गिनाते हुए कहा कि स्थानीय नेताओं को टिकट बांटने में शामिल नहीं किया जाता है। जिले के नेताओं को पावर और जिम्मेदारी देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रभारी नेता जिले के लोगों से बातचीत कर हाईकमान को ● शेष पेज 11 पर



❑ नई पीढ़ी को जोड़ने की कंग्रेस नेता की अपील

### बसपा पूरी मजबूती से लड़ेगी 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव: मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा साल 2027 में प्रस्तावित यूपी विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और इसको लेकर रणनीति बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में निष्क्रियता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करने और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का निर्देश दिये। बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर बसपा की बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बसपा प्रमुख ने 2 मार्च की बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली और इसमें पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने को कहा। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ता जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में करोड़ों गरीब, बहुजनों के समुचित हित, कल्याण एवं विकास के हिसाब से कार्य न करके पूर्व की सपा सरकार की तरह ही कुछ क्षेत्र व समूह विशेष के लोगों के लिए ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि पूर्व की बसपा ● शेष पेज 11 पर

# ईडी ने गुरुग्राम जमीन मामले में रॉबर्ट वाड्रा से कई घंटे की पूछताछ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गुरुग्राम स्थि?त डीएलएफ लैंड डील घोटाले के मामले में लगातार दूसरे दिन बुधवार को कई घंटे पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा ने पूछताछ के बाद कहा कि उन्हें सच पर भरोसा है और वे किसी भी तरह के दबाव का सामना करने के लिए तैयार हैं। राबर्ट वाड्रा के साथ आज उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार सुबह 11 बजे नई दिल्?ली में स्थित एजेंसी के हेड क?वार्टर में पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे मैराथन पूछताछ की थी। इसके बाद आज फिर उन्?हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि रॉबर्ट वाड्रा से कल भी पूछताछ होगी। ईडी दफ्तर से दफ्तर से बाहर निकलते समय रॉबर्ट वाड्रा कहा, ''हां, उन्होंने मुझे कल भी पूछताछ के लिए बुलाया है। वे मुझे बुलाते रहेंगे...।''

रॉबर्ट वाड्रा आज मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने घर से 2 किलोमीटर पैदल चलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी के मुख्यालय पहुंचे। वाड्रा ने रास्ते में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि यह मामला करीब 20 साल पुराना है। उन्?होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाया जा रहा है। वाड्रा ने कहा कि मैं जांच एजेंसियों के कार्यालयों में 15 बार गया हूं। मुझसे एक बार में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई, मैंने 23,000 दस्तावेज जमा किए हैं। फिर वे मुझसे एक हफ्ते में ये दस्तावेज फिर से जमा करने के लिए कहते हैं, यह कैसे चल सकता है?' केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी हरियाणा में 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस सांसद ● शेष पेज 11 पर



❑ गुरुवार को फिर किया तलब

# मुर्शिदाबाद में लौटे 140 लोग, शांति बहाल करने में जुटी पुलिस और बीएसएफ



एजेंसी

कोलकता । मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुई हिंसा के बाद घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग अब धीरे-धीरे वापस लौट रहे हैं। प्रशासन के अनुसार बीते तीन दिनों में करीब 140 लोग अपने घरों को आ चुके हैं। जबकि बाकी लगभग 360 लोगों को भी घर लाने की कोशिश में पुलिस और बीएसएफ दिन-रात काम कर रही है।

धुलियान इलाके में मंगलवार को कई परिवार अपने-अपने गांवों की ओर लौटते नजर आए। पुरुषों के कंधों पर बैग, महिलाओं के हाथ में पोटली और बच्चों की उंगलियां थामे लोगों के चेहरे पर डर और राहत दोनों की झलक दिखी। एक व्यक्ति अपनी पत्नी से कहते सुन ल्लदेखो, अबकी बार सब कुछ ठीक हो जाएगा।ङ्क

पिछले 48 घंटों में हिंसा प्रभावित इलाकों में लगातार पुलिस और बीएसएफ की गश्त ने लोगों में भरोसा लौटाया है। अराजकता फैलाने वालों की गिरफ्तारी भी लगातार जारी है। मंगलवार को ही पुलिस ने बांग्लादेश सीमा के पास से हिंदू बाप बेटे की हत्या मामले के दो आरोपितों को पकड़ा। पुलिस का कहना है कि वह अपराधियों को पकड़ने के लिए पाताल में जाने से पीछे नहीं हटेगी। प्रभावित परिवारों को यह विश्वास दिलाने के लिए कि वे सुरक्षित हैं, बीएसएफ और पुलिस ने हर परिवार को संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर भी दिए हैं। किसी भी तरह की परेशानी की खबर मिलते ही सुरक्षा बल तत्काल ● शेष पेज 11 पर

### मुर्शिदाबाद में होने लगा सामान्य जनजीवन, शामशेरगंज को छोड़ सभी इलाकों में बहाल हुई इंटरनेट सेवा

कोलकाता । मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून में संशोधन के विरोध में पिछले शुक्रवार से फैली अशांति अब धीरे-धीरे थमने लगी है। लगातार जनजीवन सामान्य हो रहा है। दुकानें खुलने लगी हैं, बाजार सजने लगे हैं और लोगों की सड़कों पर आवाजाही शुरू कर चुकी है। उपद्रव के बाद अफवाहों और भड़काऊ संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए पुलिस ने जिले के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी। अब हालात सामान्य होने पर शामशेरगंज को छोड़कर जिले के बाकी हिस्सों में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है। हालांकि एहतियात के तौर पर जिले में धारा 163 अभी भी लागू है और बुधवार (आज) शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगी। आईबी की रिपोर्ट के आधार पर जंगीपुर पुलिस जिले के छह से अधिक थाना क्षेत्रों में केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस की संयुक्त तैनाती की गई है। बीएसएफ और पुलिस की गश्त जारी है। पुलिस ने मामूली विवाद की सूचना पर भी कड़ा रवैया अपनाया है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बल लगातार गश्त कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जंगीपुर पुलिस जिले के सूती और धुलियान इलाकों में स्थिति सामान्य है। लेकिन शामशेरगंज थाना क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अभी भी तनाव की आशंका को देखते हुए इंटरनेट सेवा बंद ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री और फिनलैंड के राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच सहयोग की समीक्षा की



एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मंगलवार को डिजिटलीकरण, स्थिरता और गतिशीलता के क्षेत्रों सहित दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति सहित आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन कर बातचीत की। दोनों नेताओं ने डिजिटलीकरण, स्थिरता और गतिशीलता के क्षेत्रों सहित दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने क्वांटम, 5जी-6जी, एआई और साइबर-सुरक्षा के क्षेत्रों सहित साझेदारी को और मजबूत तथा गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति सहित आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक ● शेष पेज 11 पर

# लग्जरी बसों के छत पर सामान,तो खतरे में यात्रियों की जान,फिर भी जिला प्रशासन बना अंजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। कश्मीरी गेट से गोंडा के बीच चलने वाली लंबी दूरी की लग्जरी बसें मुसाफिरों की जान जोखिम में डाल रही हैं।इन बसों में छत पर काफी सामान लाद लिया जाता है।बसों का इस्तेमाल ट्रक जैसे हो रहा है।सामान लाद लेने से बसों की ऊंचाई औसत से ज्यादा हो जाती है और इनके पलटने का खतरा होता है।लेकिन,जिला परिवहन विभाग इन बसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।यही नहीं,ऊपर बिजली के तार से टच होने से अक्सर बसों में करंट उतरने और आग लगने की संभावना होती है।ऐसे ही समान लाद कर लग्जरी बस 2012 में बिहार रूट की एक बस इसी तरह हादसे का शिकार हुई थी।दिल्ली से गोण्डा तक चलने वाली यात्री बसों से माल ढुलाई का भी काम लिया जाता है,जबकि,ये परिवहन विभाग के नियमों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है।कारोबारियों को बस से सामान भेजना सस्ता पड़ता है।मिनी ट्रक के जरिए सामान भेजने पर



भाड़ा,जीस टी बिल के तौर पर कारोबारियों को ज्यादा रुपये खर्च कर ने पड़ते हैं ट्रांसपोर्टर राजवीर बताते हैं कि कश्मीरी गेट दिल्ली से गोण्डा तक का ट्रक का भाड़ा आठ हजार रुपये प्रति टन है।इस लिहाज से सौ किलो के एक बोरे या पैकेट का भाड़ा आठ सौ रुपये तक पड़ता है।

इसलिए,पैसा बचा ने और जीएसटी चोरी करने के लिए कारोबारी बसों पर माल लाद कर ले जाते हैं।अमूमन बसों की ऊंचाई 10.5 फीट होती है।स्लीपर होने से इसकी ऊंचाई 3.5 फीट तक बढ़ जाती है।इस तरह लंबी दूरी की इन बसों की ऊंचाई पहले से ही सामान्य से बढ़ कर चौदह फीट तक हो जाती है।एक तो करेला दूसरे नीम चढ़ा वाली कहावत इन बसों पर चरितार्थ हो रही है।इन बसों की छत पर सामान लाद देने से इनकी ऊंचाई 17 फीट तक पहुंच जाती है और हादसे की संभावना बढ़ जाती है।

वही जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन पर सवाल उठना लाजिमी है कि दिल्ली से गोण्डा के बीच क्या वाणिज्य विभाग और परिवहन विभाग कुंभकर्णी के नींद में सो गया है कि जिन लग्जरी बसों से यात्रियों को बैठने के साथ-साथ बड़े-बड़े पार्सल के बोरे ढो ये हुए जा रहे हैं और जिला प्रशांत अनजान बना हुआ है। या फिर बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

### दिल्ली से माल लादने में जीएसटी चोरी

संवाददाता ने बसों पर लदने वाले सामान के भाड़े का पता लगाने के लिए काउंटर पर संपर्क किया।उनसे पूछा गया कि गोण्डा के लिए बिजली(इलेक्ट्रॉनिक) सामान और कप ड़े के चार नग बिना बिल के है कितना पैसा लगेगा तो वहाँ पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि छोटे नग के पांच सौ रुपए और बड़े नग के एक हजार रूपए लगते है और आप को सुबह यह मनकापुर बस स्टैंड एसमय स्कूल के पास गोदाम से मिल जाएगा।

### लग्जरी बसों को नहीं मिली माल ढुलाई की परमिटइन

लग्जरी बसों को माल ढुलाई की परमिट नहीं मिली है। इसके बाद भी जिला परिवहन विभाग इन पर कोई कार्रवा ई नहीं करता है।इन लग्जरी बसों को परिवहन विभाग के नियमों का मजाक उड़ाने की छूट है।बस अधिकारी साल में एक बार अपना कोरम पूरा करने के लिए छापामारी क रते हैं और प्रति बस हजार,पांच सौ रुपये तक का जुर्माना कर कागजी कार्रवाई पूरी कर देते हैं।

# पति पत्नी व बेटे के झगड़े में पति की हुई मौत, बेटा पुलिस हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। नगर पंचायत कोरांव के शहीद आरके तिवारी नगर मोहल्ले में मंगलवार को रात्रि 11बजे के आसपास एक दिल दहला देने वाली घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर पति पत्नी व बेटे में झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान पिता बगल में रखी पंपसेट मशीन पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आ जाने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने देर रात को ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बेटे को हिरासत में ले लिया है। हालांकि परिजनों के द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक राजेश प्रजापति पुत्र स्व. लाल जी निवासी शहीद आर के तिवारी नगर वार्ड नंबर 10 कस्बा कोरांव (45) उसके सगे बेटे बाबूलाल व पत्नी से देर रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान पंपिंग सेट मशीन पर गिर जाने से राजेश के सिर में गंभीर चोट लग जाने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।हादसे की सूचना पर कोरांव थाना की पुलिस और एसीपी मौके पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे को लेकर पारिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बस्तीः मकान में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, 15 गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र स्थित मड़वा नगर के एक मकान में पुलिस ने बुधवार को छापा मारकर आपत्तिजनक हालत में महिला-पुरुष मिलाकर कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मकान के अंदर देह व्यापार चल रहा था। मुख्य आरोपित फरार है, जिसकी तलाश में टीम को लगाया गया। एसपी अभिनंदन और एएसपी ओपी सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी अभिनंदन ने बताया कि मड़वा नगर के एक मकान में देह व्यापार की सूचनाएं मिल रही थीं। इस पर आज कोतवाली पुलिस और एसओजी की सयुंक्त टीम ने छापा मारा। मौके से नौ महिलाएं और छह पुरुष गिरफ्तार किये गए हैं। तलाशी के दौरान आ?पत्तिजनक सामग्री मिली है। देह व्यापार का संचालन कैमरे की निगरानी में होता था। सभी आरोपितों से पूछताछ करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## ईडी कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लखनऊ समेत प्रदेशभर में किया प्रदर्शन

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में बुधवार को नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के सभी जिलों में नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया । कार्यकर्ताओं ने इस दौरान जिला प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए केन्द्र सरकार पर राजनीतिक लाभ के लिए जांच एजेंसियों से सताने का आरोप लगाया। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में एकजुट पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर की जा रही कार्यवाही को गलत करार दिया गया। कार्यकर्ता यहां से ईडी दफ्तर जाने के लिए आगे बढ़े तो बेरीकेडिंग लगाकर पुलिस ने रोका। पुलिस बल को इस दौरान खासा मशक्कत करनी पड़ी।

कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। लखनऊ की तरह कानपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, अलीगढ़, बलिया, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी आदि जिलों और तहसीलों में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपे गए।

# बांदा बहराइच मार्ग पर बना ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कंक्रीट व मलबे का कुछ हिस्सा सड़क पर गिरने से राहगीरों में हड़कंप मच गया, तत्काल सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई।

बछरावा,रायबरेली। कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर बना ओवर ब्रिज अचानक क्षतिग्रस्त हो गया। कंक्रीट व मलबे का कुछ हिस्सा सड़क पर गिरने से राहगीरों व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया, तत्काल सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। मंगलवार देर रात्रि 9:30 बजे के आसपास उस समय हड़कंप मच गया, जब बछरावां कस्बे में बांदा बहराइच मार्ग पर बने ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ हिस्सा का मलबा नीचे गिरने लगा। जिसे देख आसपास मौजूद दुकानदार एवं राहगीरों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तत्काल प्रभाव से स्थानीय प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों को लोगों के द्वारा दी गई। और सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और ब्रिज के ऊपर आवागमन को बंद कराया गया। बांदा बहराइच हाईवे मार्ग यात्रियों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए तथा कस्बे के अंदर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए वर्ष 2011 में इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जिसे लगभग 4 वर्ष में पूर्ण होकर 2015 में तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह के द्वारा इस ओवरब्रिज का उद्घाटन कर शुभारंभ किया



गया था। शुभारंभ के महज 3 वर्षों में ही ओवर ब्रिज की सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई। और कई हादसे भी हो चुके हैं। जिनमें दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं। ओवर ब्रिज के ऊपर लगाए गए ज्वाइंटों पर लोहे की राड बाहर निकल आई थी। जिससे कई वाहनों के टायर भी फट गए। दशा आज भी वही है ।परंतु इस समय इस ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया ही गया था। कि ठेकेदारों द्वारा किया गए भ्रष्टाचार की सारी पोल खुल गई। ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क का काम शुरू होते ही ओवर ब्रिज भसक कर नीचे गिरने लगा। गनीमत यह रही कि समय रहते आसपास के पटरी दुकानदारो ने मामले की गंभीरता को समझते हुए लोगों के आवागमन को वही रोक दिया गया। नहीं तो और भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। फिलहाल घटना की जानकारी होते ही उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। और जांच पड़ताल की जा रही है। तथा पुल के ऊपर का आवागमन बंद कर दिया गया है।

# 42 किलो गांजा के साथ पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव पुलिस ने गांजा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना की है। पुलिस के मुताबिक बीती मंगलवार को रात्रि 11 बजे के करीब यह सूचना मिली कि ग्राम वंशीपुर से भारी मात्रा में गांजा मैजिक वाहन पर ले जाया जा रहा है।

जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी कर मय वाहन समेत 42.660 ग्राम अवैध गांजा की बारामदगी करते हुए मंगलवार को सायं 5 बजे अभियुक्तों को जेल भेज दिया। जेल भेजे गए अभियुक्तों में सुरेंद्र कुमार पुत्र गेंदा लाल निवासी बसहा बड़ोखर व जितेंद्र विश्वकर्मा पुत्र मुन्ना लाल विश्वकर्मा निवासी हड़िया मानपुर थाना कोरांव शामिल हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नितेंद्र कुमार शुक्ल, आबकारी निरीक्षक आयुष राय, उपनिरीक्षक प्रेम शंकर, उप निरीक्षक गिरीश चंद्र राय, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, कांस्टेबल चैतन्य कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, कांस्टेबल कपिल देव यादव शामिल रहे।

# एक ही मामले में आपराधिक केस लम्बित तो विभागीय जांच कार्यवाही में अंतिम आदेश पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ही आरोप, चार्जशीट व सबूतों को लेकर चल रही आपराधिक व विभागीय कार्यवाही पर पुलिस रेग्यूलेशन 492 व 493 के तहत आपराधिक केस कार्यवाही पूरी होने तक विभागीय जांच कार्यवाही जारी रखने को कहा है। किंतु अंतिम आदेश पारित करने पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार से याचिका पर चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा आपराधिक केस का निष्कर्ष अंतिम व बाध्यकारी होगा। याची का कहना है कि एक ही मामले में समान आरोप व सबूतों को लेकर आपराधिक व विभागीय कार्यवाही एक साथ नहीं चलाई जा सकती।

यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार की एकलपीठ ने सुभाष चन्द्र की



याचिका पर दिया है। याची का कहना था कि वह मुजफ्फरनगर में पुलिस है। उसके खिलाफ जसपाल सिंह ने सिविल लाइंस थाने में भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई। बाद में जिसे एंटी करप्शन सहारनपुर, मुजफ्फरनगर को स्थानांतरित कर दिया गया है। इस मामले में मेरठ की अदालत में आपराधिक केस विचाराधीन है। दूसरी तरफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू की गई है। दोनों मामलों में आरोप व साक्ष्य एक है। याची जमानत पर हैं। इसलिए विभागीय कार्यवाही पर रोक लगाई जाए।

## बस से दबकर घायल हुई महिला की हुई मौत

कोरांव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के ठीक सामने सोमवार को सायं 7 के आसपास एक महिला जैसे ही बस से उतरी वैसे ही वह बस के पहिए के नीचे दब गई। हादसे में वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। घायल महिला का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। बुधवार को सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तरांव गांव की रहने वाली चंद्रकली पत्नी मुन्नीलाल (50) उरुवा में किसी अस्पताल में मजदूरी करने पति पत्नी गए हुए थे।

वहां से सोमवार को सायं 7 बजे के आसपास बस से जैसे ही सीएचसी कोरांव पहुंचे और वही उतरने लगे। उतरने के बाद महिला बस के पहिए के नीचे दब गई। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गई थी। बताया जा रहा है कि मृतका चंद्रकली के छोटे बेटे की मौत वर्ष भरपूर मार्ग दुर्घटना में हो गई थी। अब इकलौता बेटा तेज बहादुर ही पिता के बुढ़ापे का सहारा है।

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली के खिलाफ होगा आंदोलनः सोमदत्त पटेल

## 0 किताब पब्लिकेशन पर भी उठाई कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव विधानसभा निजी स्कूलों पब्लिकेशन माफियाओं के ख़िलाफ़ जनहित में अभिभावकों के हित में मनमानी फीस वसूली, कापी, किताब, ड्रेस, स्कूल वाहनो के द्वारा मनमानी वसूली के विरोध में समाजवादी पार्टी के लोग विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल के नेतृत्व में दिनांक 19 अप्रैल शनिवार समय 11 बजे तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कमर तोड़ मंहगाई में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक की शिक्षा पूरी करा पाना अभिभावकों के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा है।

मनमानी वसूली से अभिभावकों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों को अपने



बच्चों को शिक्षा दिला पाना दूभर हो रहा है। इसी क्रम में सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब तहसीलदार कोरांव विनय बरनवाल को पत्र देकर प्रदर्शन की सूचना दे दी है। कहा गया है कि इस गंभीर समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुलवाने की मांग की गई है। तहसीलदार को सौंपे गए पत्र में अवैध फीस वसूली को बंद कराते हुए निश्चित फीस का मानक तय कराने की मांग की गई है। अन्यथा आंदोलन की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## लखनऊ में ''सांसद खेल महाकुंभ'' का शुभारंभ करेंगे राजनाथ सिंह

लखनऊ । देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह 18 अप्रैल शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र आएंगे। रक्षा मंत्री 19 अप्रैल शनिवार को के डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित ''सांसद खेल महाकुंभ'' का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 11:00 बजे मुन्नू खेड़ा सदरौना रोड जाएंगे और एस एम डी लॉन बैंक्वेट हाल में पश्चिम मंडल 3 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। यह जानकारी लखनऊ के भाजपा महानगगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। वह बुधवार को भाजपा महानगर कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि 19 अप्रैल को शाम 5:00 बजे गोमती नगर स्थित होटल दयाल पैराडाइज में मध्य मंडल एक के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। शाम 6:30 महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

# सोशल मीडिया पर कुकर्मी मोइनुद्दीन की फासी की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। शिक्षा के मंदिर में अपनी छात्रा के साथ मुंह काला करने वाले कृषक इंटरमीडिएट कालेज के शिक्षक मोइनुद्दीन के कुकर्मों को लेकर जहां अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है वही सोशल मीडिया पर मोइनुद्दीन को फासी की सजा देने की मांग उठने लगा है। हालाकि सजा की कार्रवाई न्यायिक प्रक्रिया है जो न्यायालय द्वारा तय किया जायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पीएम मोदी के बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को मोइनुद्दीन जैसे शिक्षक के रहते हुए चरितार्थ होना संभव नही है।

बतादे कि जिले के कसया थाना अन्तर्गत मल्लुडीह स्थित कृषक इंटर कॉलेज में तैनात शिक्षक मोइनुद्दीन अंसारी का बीते दिनो एक अश्लील

### छात्रा के साथ मुंह काला करने वाले मोइनुद्दीन के खिलाफ सोशल मीडिया पर चला अभियान

वीडियो व फोटो खूब वायरल हुआ था जिसमे मोइनुद्दीन अपने विद्यालय कृषक इंटरमीडिएट कालेज के स्काउट गाइड कक्ष मे अपने ही स्कूल की नाबालिक छात्रा के साथ मुंह काला करते हुए देखा जा रहा है।वीडियो मे मैनुद्दीन पोर्न वीडियो की तरह अश्लीलता की सारी हदें पार करते हुए दिखाई दे रहा है। ऐसी चर्चा है कि इससे पहले भी मैनुद्दीन अंसारी ने अपने विद्यालय के तमाम हिन्दू छात्राओं को उत्तीर्ण कराने और अच्छे नम्बर दिलाने का झासा देकर अपने हवस शिकार बनाया जा चुका है। कहना ना होगा कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों नें मैनुद्दीन की कुटाई कर उसकी बर्खास्तगी व गिरफ्तारी की मांग करते हुए विद्यालय गेट पर प्रर्दशन किया था। इधर मामले की जानकारी होने के बाद कसया पुलिस ने तत्काल मोइनुद्दीन को गिरफ्तार कर विभिन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मोइनुद्दीन की कौन दवाई

'' हर गली हर चौराहे पर हवस के जल्लाद बैठे है। संभाल कर रखो बहन बेटी को, क्योकि कुशीनगर में मोइनुद्दीन जैसे हैवान बैठे है.....''

यह पक्तियां सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पोस्टर पर लिखा है। इस पोस्टर पर मोइनुद्दीन का एक पर्सनालिटी फोटो लगा उसके पीछे मोइनुद्दीन का कुकर्म वाला फोटो है, बगल मे फासी का फंदा लटक रहा जहा लिखा मोइनुद्दीन अंसारी को फासी दो। फ़ेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया पर वायरल इस पोस्टर के नीचे तमाम लोगो ने मोइनुद्दीन के खिलाफ तल्ख कमेंट कर फासी देने का समर्थन किया है। तमाम लोगो ने यह भी कमेंट किया है कि हिन्दू छात्राएं मोइनुद्दीन के टारगेट में रहती है वह हिन्दू लडकियों को अपना शिकार बनाता था, उसे हर हाल मे फासी होनी चहिये। वाटसप ग्रुप, फ़ेसबुक, एक्स आदि सोशल मीडिया मंच पर मोइनुद्दीन के फासी की उठ रही मांग से यह स्पष्ट है कि मोइनुद्दीन के कुकर्मों को लेकर आम लोगो में रोष व्याप्त है।

# आजमगढ़ सदर एसडीएम के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 0 एसडीएम पर दुर्व्यवहार और धमकी देने का गंभीर आरोप भी लगाया

आजमगढ़। जिले के सदर एसडीएम के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा ने जमकर प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल राय ने एसडीएम पर दुर्व्यवहार और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी से मुलाकात की और अपनी शिकायत दर्ज कराई। भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह ने चेतावनी दी कि कार्यकर्ताओं का अपमान किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया।

# अवैध कब्जा हटाने गई नगर निगम टीम और पार्षद प्रतिनिधि पर हमला, मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ दुबग्गा । कोतवाली क्षेत्र के भरावन खुर्द गांव में नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से पक्का निर्माण किए जाने की शिकायत पर बुधवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। टीम के साथ पहुंचे लालजी टण्डन वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र लोधी पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भरावन खुर्द स्थित सरकारी भूमि पर एक पक्का टैंक निर्माण किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवाया और कब्जा हटवाया।इस दौरान जब टीम और पार्षद प्रतिनिधि ने निर्माण का विरोध किया तो आशीष पांडे और उसके पुत्रों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में जान से मारने की धमकी भी दी गई।घटना के बाद नगर निगम टीम और पार्षद प्रतिनिधि ने दुबग्गा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद दोनों पक्षों के लोग भारी संख्या में थाने पर इकट्ठा हो गए।दुबग्गा थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की डॉक्टरी जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

# हजरत गंज पुलिस पर पीड़ित किन्नर ने रेस्टोरेंट संचालकों पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप, करेंगे प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रेस्टोरेंट के दबंग संचालक दे रहे मोहनलालगंज के किन्नर प्रियंका सिंह रघुवंशी को जान से मारने की दे रहे धमकी**

**पीड़िता ने चार अभियुक्तों पर एक माह पूर्व हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराया था मुकदमा**

लखनऊ। हजरतगंज पुलिस पर दबंग रेस्टोरेंट संचालकों पर पीड़ित किन्नर ने कार्रवाई न करने आरोप लगाया है। जिसे सोसल मीडिया पर वायरल कर बताया कि हजरत गंज थाना में बीते माह 16 मार्च को थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी , दूसरे दिन थाना पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत हुआ। आरोप है कि एक माह बीत जाने के बावजूद भी अभियुक्तों पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई, दबंगों द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। बताया कि हजरत गंज थाना क्षेत्र स्थित विंग्स आफ फायर नाम से एक रेस्टोरेंट है जिसके संचालक अक्षय सिंह चौहान, प्रतीक सिंह चौहान, अभिमन्यु सिंह चौहान व अभिषेक सिंह है। बताया कि नवंबर 2024 में किस्तों में रेस्टोरेंट संचालकों ने तीन लाख रुपए यह कहकर लिया कि दो माह में रूपए लौटा देंगे। मोहनलाल गंज निवासी किन्नर प्रियंका सिंह रघुवंशी ने बताया कि बीते माह 17 मार्च को हजरत गंज पुलिस द्वारा उसकी तहरीर पर मुकदमा तो पंजीकृत किया किंतु आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे रेस्टोरेंट संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वह उसे लगातार धमकी देते हैं। पीड़ित किन्नर का आरोप है कि दोबारा रूपए मांगने पर उसकी फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हैं। हालांकि पीड़िता का कहना है कि सर्वसमाज के डर से उसने रेस्टोरेंट संचालकों को फिर 50 हजार रुपए दिए थे। रूपए वापिस मांगने पर दबंग दें रहे गोली से मारने की धमकी, मामले में पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया है परन्तु पुलिस पर एक माह बीत जाने के बावजूद भी कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। मामला दर्ज होने के बाद थाने के चक्कर लगाये लेकिन सिर्फ आश्वासन हाथ आया। पीड़िता प्रियंका सिंह रघुवंशी ने सोसल मीडिया पर वायरल कर बताया कि रेस्टोरेंट संचालकों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से किन्नर समाज डरा व सहमा हुआ है। जिससे गुरुवार को बड़ी संख्या में पीड़िता समेत किन्नर हजरतगंज कोतवाली पहुंच कर प्रदर्शन करेंगे।

# जोन-4 में एलडीए ने किये 4 अवैध निर्माण सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने अलीगंज व जानकीपुरम क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 4 व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि धर्मधुरन्धर सिंह व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-डी में भवन संख्या-सी-5 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं हिमान्शु वर्मा व अन्य द्वारा जानकीपुरम के सेक्टर-डी में लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह अनिल कुमार, अनूप सिंह व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-ए में राम-राम बैंक चौराहे के पास लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा रजनीश कुमार मिश्रा व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-के में लगभग 320 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन निर्माण कार्यों को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया।

# योगी सरकार के प्रयास से साल दर साल यूपी में कम हुई जंगलों की आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**एफएसआई से सूचना या हेल्पलाइन पर फोन, तुरंत एक्टिव हो रहा अग्नि नियंत्रण सेलजंगलों की आग को बढ़ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा वन विभाग का मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल**

लखनऊ,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल मुस्तैद है। उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र व जंगलों में आग लगने की घटनाएं न्यूनतम हुई हैं। वन क्षेत्र व आसपास के क्षेत्रों में 2020-2021 में आग लगने के 10275 मामले आए थे। विभाग की मुस्तैदी से 2024-25 (14 अप्रैल) में घटकर यह संख्या 2597 हुई है। विभाग की तरफ से निरंतर इस पर नजर रखी जा रही है।

**एफएसआई ने की उत्तर प्रदेश की सराहना**

फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) ने पिछले दिनों राज्यों के साथ बैठक की थी, जिसमें वन अग्नि की घटनाओं को रोकने में योगी सरकार के प्रयासों की सराहना की थी। एफएसआई ने माना था कि उत्तर प्रदेश ने जंगल में लगी आग को पता करने और उसे जल्द से जल्द (24 घंटे) बुझाने में सबसे बेहतर कार्य किया है।

8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में कार्य कर रहा सेल लखनऊ मुख्यालय स्थित अग्नि नियंत्रण सेल के नोडल अफसर पीपी सिंह ने बताया कि सेल 24 घंटे मुस्तैद है। प्रदेश में कहीं भी वन में आग से जुड़ी घटनाओं की सूचना आमजन लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310 पर दे रहे हैं। श्री सिंह के मुताबिक वनों में आग की सूचना उनके मोबाइल नंबर 9452162054 पर भी दी जा सकती है। इसके अलावा सभी जनपदों में स्थानीय हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया गया है।

**यूपी ने रिस्पांस टाइम तेज कर घटनाओं में की भारी कमी**

आग लगने की सूचना मिलने के उपरांत यूपी के तंत्र ने घटनास्थल तक पहुंचने के रिस्पांस टाइम को कम किया। इससे घटनाओं को रोकने में काफी हद तक यूपी ने सफलता प्राप्त की। 2022 में 24 घंटे में यूपी में जहां 55.78 फीसदी घटनाओं को रोकने में सफलता मिलती थी, वहीं 2023 में 74.99 फीसदी घटनाओं पर अंकुश पाया गया। तेजी से कार्य करते हुए रिस्पांस टाइम और तेज होने की बदौलत योगी सरकार की मॉनिटरिंग से 2024 में 80.08 फीसदी घटनाओं में कमी दर्ज हुई।

**इससे मिल रही मददप्रदेश में स्थापित अग्नि नियंत्रण सेल-115**

मुख्य अग्नि नियंत्रण सेल- लखनऊ स्थित वन मुख्यालयएफएसआई द्वारा वन अग्नि अलर्ट सूचना पाने वाले पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी- 3171जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित अग्नि रक्षक के रूप में स्थानीय ग्रामीणों की तैनाती कर लिया जा रहा सहयोग योगी सरकार की मॉनिटरिंग से घटनाओं में आई कमी योगी सरकार की मॉनिटरिंग का असर है कि ऐसी घटनाओं में भारी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक... 2020 से 2021-10275 मामले 2021 से 2022ऽ6030 मामले2022 से 2023- 3339 मामले2023 से 2024ऽ 4895 मामले2024 से 14-04-2025–2597 मामले।

## विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम की जोरदार टक्कर से युवक घायल,हालत गंभीर



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंसल थाना क्षेत्र की खुर्दही बाजार के पास घर से बाइक पर निकले ठेकेदार युवक को रांग साइट से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही युवक दूर जा गिरा वहीं मोटरसाइकिल पर डीसीएम चढाते हुए चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक वृन्दावन योजना की आसरा कालोनी के निवासी सर्वेश भवन मेंटेनेंस की ठेकेदारी करते हैं।बुधवार को वो सुलतानपुर रोड पर चल रही साइट की विजिट पर निकले थे।रास्ते में खुर्दही बाजार के पास रांग साइट से आ रही तेज रफ्तार नीले रंग की डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया।राहगीरों ने उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया। चिकित्सकों के मुताबिक सर्वेश के पैर उंगलियों में फ्रैक्चर आए हैं।दुर्घटना में युवक की बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है।

## एसएचओ ने किया सराहनीय कार्य




लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कस्बे में कई वर्षों से घूम रहे मानसिक विक्षिप्त हिस्ट्रीशीटर का पुलिस ने हुलिया ही बदल दिया।


जानकारी के अनुसार गोसाईगंज के रहने वाला अजय उर्फ गब्बर पुत्र ओमप्रकाश गोसाईगंज थाने से हिस्ट्रीशिटर है।वह पिछले कई वर्षों मानसिक रूप से बीमार रहने के कारण कस्बे में ही सड़को पर इधर उधर घूमता रहता है।और उधर से निकलने वाले लोगों से या दुकानदारों से कुछ मांगकर खा लेता है।बुधवार को अचानक चौकी प्रभारी कस्बा राज कुमार की नजर उसपर पड़ गई तो उन्होंने इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के सहयोग से गब्बर के दाढ़ी बल कटवाए और उसको नहलवाने के बाद उसे साफ़ सुथरे कपड़े दिलवाए और खाना खिलवाया।इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी व उपनिरीक्षक राज कुमार द्वारा किये इस सराहनीय कार्य की लोग काफी प्रशंसा कर रहे है।

## चोरों ने प्लॉट से इंजन के कीमती पार्ट्स किए चोरी,पुलिस नही कर रही कार्यवाही

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बख्शी का थाना क्षेत्र में चोरों ने प्लॉट पर खड़े इंजन के ज़रूरी पार्ट्स बीती रात को चोरी कर लिया वही पीड़ित जब सुबह प्लॉट पर पहुंचा तो उसने देखा कि इंजन के जरूरी पार्ट्स गायब थे वही इस घटना से पीड़ित का काफ़ी नुकसान हो गया वही इसकी लिखित तहरीर पीड़ित ने थाना प्रभारी को देकर उचित कार्यवाही की मांग किया।प्रार्थिनी रजनी पत्नी नंदकिशोर निवासी साढ़ामऊ ने बुधवार को बीकेटी थाना प्रभारी को लिखित तहरीर देकर बताया कि तहसील मोड़ स्थित उनके प्लॉट पर बीती रात को चोरों ने इंजन के कीमती पार्ट्स चोरी कर ले गए,उन्होंने बताया कि इससे पहले भी 13/7/24 को चोरों ने ईंजन का अल्टी लेटर पूरा चोरी कर लिया था जिसकी शिकायत पुलिस से किया था लेकिन पुलिस ने पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था,जिस कारण चोरों के हौसले और बुलंद हुए और दोबारा फिर से चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया,उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर चोरी करने का आरोप लगाया है,उनका कहना था कि ये सभी आरोपी आए दिन मेरे प्लॉट के पास बैठकर शराब की पार्टी करते है।उन्होंने तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज़ कर कार्यवाही की मांग किया है।

# बंगाल में पार हो रही अराजकता की पराकाष्ठा : भूपेंद्र चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बोले भूपेन्द्र सिंह चौधरी, बंगाल में दंगाइयों की सरदार बन चुकी हैं ममता बनर्जी**

**दंगाइयों पर लगाम लगाने की जगह ममता सरकार देती है प्रश्रय, दोयम दर्जे के नागरिक बन चुके हैं हिन्दू**

लखनऊ । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दिये गये विवादित बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पलटवार किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ममता बनर्जी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दिये गये बयान की निंदा करते हुए कहा है कि बंगाल में निर्ममता की सरकार चल रही है। मुर्शिदाबाद जल रहा है और ममता बनर्जी अपनी कमियां छिपाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश बंगाल में ममता की निर्ममता देख रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी द्वारा योगी आदित्यनाथ पर दिया गया बयान निकृष्टता की हद पार करने वाला है। दंगाइयों को शांतिदूत बताने वाली ममता अराजकता फैलाने वालों पर लगाम लगाने की जगह उन्हें सरकारी प्रश्रय दे रही हैं। यही वजह है कि पश्चिम बंगाल का हिन्दू भयभीत है, क्योंकि राज्य सरकार ने उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बना रखा है। श्री चौधरी ने कहा कि जिन्होंने हिन्दू आस्था के सबसे बड़े प्रतीक महाकुम्भ को मौत का कुम्भ कहकर करोड़ों सनातनियों का उपहास उड़ाया हो, उससे राजनीतिक शुचिता की उम्मीद नहीं की जा सकती। महान स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों और कला के उपासकों की भूमि बंगाल को दशकों से अराजकता की भट्ठी में झोंककर सर्वनाश की हद तक पहुंचा दिया गया है। चाहे पंचायत स्तर का चुनाव हो या लोकसभा का, बंगाल में हिंसा की चपेट में आ जाता है।

ये ममता सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है, कि उनसे अपना प्रदेश संभल नहीं रहा और वो नये भारत के नये यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री पर उलूल जुलूल आरोप लगा रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर सेक्टर में बुलंदियों को छू रहा है। यहां की सुदृढ़ कानून व्यवस्था की चर्चा देश ही नहीं दुनियाभर में हो रही है। बीते 8 साल में यूपी में कहीं कोई दंगा नहीं हुआ, क्योंकि दंगाई या तो ऊपर पहुंचा दिये गये हैं या प्रदेश छोड़कर भाग गये हैं। योगी सरकार का दंगाइयों, अताताइयों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का रुख ममता और उनके साथियों को रास नहीं आ रहा है और अपनी खीझ मिटाने के लिए वो मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रही हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों की सरदार बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिल्कुल ठीक कहा है कि दंगाई लातों के भूत हैं, जो बातों से नहीं बल्कि डंडे से मानेंगा।

## गोमती नदी में उतराता मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

बीकेटी, लखनऊ । बुधवार दोपहर बख्शी का तालाब थाना अंर्तगत गोमती नदी में एक युवक का शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और आसपास के क्षेत्रो में शिनाख्त के प्रयास किया लेकिन युवक की शिनाख्त नही हो पाई,जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकेटी थाना अंर्तगत मल्लाहन खेड़ा गांव के पास गोमती नदी में एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा,जिसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दिया पुलिस ने मौक़े पर पहुंचकर गोताखोरों को बुलाकर उनकी मदद से शव को बाहर निकलवाया और आसपास शिनाख्त के प्रयास किया लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।वही पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में लगी हुई थी।

## निगोहां : पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां के उतरावां गांव में पत्नी के अनबन के चलते युवक ने घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उतरावां गांव निवासी अवधेश कुमार (27) व उसकी पत्नी रोली व विधवा मां और दो अविवाहित बहनों के साथ रहता था जबकि दो बहनों का विवाह हो चुका अवधेश कुमार इकलौता बेटा था। ग्रामीणों की माने तो अवधेश का उसकी पत्नी से 4 दिन पूर्व किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी ग्रामीणों की माने तो मंगलवार को अवधेश अपनी पत्नी को लाने के लिए साड़ी व चूड़ियां लेकर ससुराल पहुंचा , जहां पत्नी ने साथ आने के लिए मना कर दिया ।

जिसके बाद वह वापस लौटा और देर शाम मां व अन्य दोनों बहनों के खेत मे गेहूं कटान के लिए जाने के बाद अवधेश ने कमरे घर के कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खेत से लौटे परिवारीजनों ने शव लटकता देख दंग रह गए मामले की सूचना पुलिस को दी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खगोल विज्ञान में उड़ान भरेंगी बेटियां,746 विद्यालयों में बनेगी एस्ट्रोनॉमी लैब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। इसी क्रम में राज्य के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति विद्यालय 4 लाख का बजट निर्धारित किया गया है और कुल 29.84 करोड़ की परियोजना को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। चंद्रयान-3 की प्रेरणा और भविष्य की वैज्ञानिक तैयारियांभारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और उसमें 54 महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को नई ऊर्जा दी है। प्रदेश सरकार चाहती है कि यूपी की बेटियां भी आने वाले समय में इसरो, डीआरडीओ और नासा जैसे संस्थानों में अपनी भूमिका निभाएं। लैब्स में प्लेनेटेरियम की तर्ज़ पर छात्राएं सौरमंडल, ग्रह-उपग्रह, खगोलीय घटनाएं जैसे सूर्यग्रहण व चंद्रग्रहण का अध्ययन करेंगी। स्पेसक्राफ्ट, मिसाइलें, स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, इसरो परियोजनाएं और भारतीय वैज्ञानिकों के मॉडल इन प्रयोगशालाओं का हिस्सा होंगे। इस लैब में बालिकाओं द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विभिन्न वर्किंग मॉडल तैयार किए जाएंगे। इन वर्किंग मॉडल का उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में किया जाएगा। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के केजीबीवी को कक्षा 12 तक उच्चीकृत किया गया है। फिलहाल 476 उच्चीकृत विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई संचालित की जा रही है। इन विद्यालयों को दो श्रेणियों में बांटा गया है, जिनमें एक श्रेणी में एकेडमिक ब्लॉक के साथ हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। इस एकेडमिक ब्लॉक में उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में केवल विज्ञान वर्ग की पढ़ाई कराई जाएगी। इसमें कक्षा 9 से 12 तक की सभी छात्राओं को फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, हिन्दी और अंग्रेजी विषय पढ़ाये जाएंगे। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि ऐसे विद्यालय उन्हीं क्षेत्रों में विकसित किए जाएं, जहाँ तीन किमी की परिधि में कोई अन्य राजकीय या सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय न हो। इसके साथ ही केजीबीवी परिसर से सटी भूमि की उपलब्धता भी हो। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि और समझ विकसित करना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बेटियों के लिए उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलने वाली यह योजना 29.84 करोड़ की लागत से लागू की जा रही है, जिसके दूरगामी और सकारात्मक परिणाम अवश्य सामने आएंगे।'

# राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह द्वारा किया गया अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

0 सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया विवाह भवन का शिलान्यास



पडरौना, कुशीनगर। जनपद के विकास खंड विशुनपुरा के ग्राम पंचायत अरनहवा में राज्यसभा सांसद कुवर आरपीएन सिंह द्वारा मनरेगा से निर्मित अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा उसी ग्राम पंचायत में बुधई माई स्थान के पास ग्रामीणों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए विवाह भवन का शिलान्यास किया गया। बताते चलें कि विकासखंड बिशुनपुरा में बुधवार को दोपहर एक बजे के लगभग ग्राम पंचायत अरनहवा में मनरेगा के अंतर्गत बनवाए गए अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण राज्यसभा सांसद कुवर आरपीएन सिंह द्वारा किया गया तथा ग्राम पंचायत अरनहवा में ही बुधई माई स्थान के पास ग्राम पंचायत के लोगों के हितों को देखते हुए विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा विवाह भवन का शिलान्यास कराया गया जहां खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फूलबदन चौहान तथा ग्राम प्रधान मीना देवी ने माननीय सांसद और विधायक द्वारा किए गए लोकार्पण और शिलान्यास के लिए अपनी खुशी प्रकट किया तथा भविष्य में अपने क्षेत्र में क्रमिक विकास का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा नेता मोहन चौहान, ओमप्रकाश गुप्ता,विपिन श्रीवास्तव ,गुड्डू चौहान, मदन चौहान ,दूधनाथ भारती ,छेदी चौहान ,उदित नारायण ,अभिषेक चौहान, महेंद्र ,योगेंद्र कुमार ,भागवत चौहान ,शिवपूजन चौहान, श्रीनिवास चौहान ,ग्राम प्रधान बबलू कुशवाहा तथा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीसी सड़क से बढ़ेगी आवागमन की सुविधा : विधायक

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के दुमही मुसहर बस्ती में शनिवार को विधायक निधि से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण समारोहपूर्वक हुआ। यह सड़क रामविलास के घर से हरिशंकर दुबे के घर तक बनाई गई है। आचार्य राकेश पांडेय के मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सीसी सड़क के निर्माण से दुमही मुसहर बस्ती के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वर्षों से ग्रामीणों की यह मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया। बीडीओ रामराज कुशवाहा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा और यह विकास की दिशा में एक उपयोगी पहल है। आयोजक भाजपा नेता जितेन्द्र गुप्ता ने आभार प्रकट किया तथा संचालन रमाकांत पांडेय ने किया।

इस अवसर पर भाजपा दुदही मंडल अध्यक्ष अजेश भारती, पूर्व मंडल अध्यक्ष चौरा निवासी सुरेंद्र कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामबिहारी राय, पारस सिंह, मनोज तिवारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार खरवार, सुरेंद्र गुप्ता, संतोष तिवारी, उपेन्द्र आर्य, रामनारायण मद्धेशिया, विनोद शर्मा, जयप्रकाश पाण्डे, अमरनाथ मिश्रा, विनय सिंह, हरख यादव, सुदर्शन आर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## बैसवारा महाविद्यालय में डॉ. अंबेडकर क्विज प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लालगंज,रायबरेली। बैसवारा महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता छात्र एवं छात्राओं के मध्य आयोजित की गई। डॉ. अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का भी सफलता पूर्वक आयोजन भी किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे, पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर निरंजन राय ने कहा कि हमें अपने अधिकारो एवं कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक पालन करना चाहिए। सत्य ही वह रास्ता है जिसके माध्यम से अपने कैरियर की ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए हमेशा सत्यता के आचरण का अनुपालन करना चाहिए। आयोजित संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि डॉ आंबेडकर का भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रोफ़ेसर सिंह ने आगे बताया कि किस तरह डॉ. अंबेडकर द्वारा दलित, पिछड़े और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ डॉ आंबेडकर का योगदान अति महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी में प्रोफ़ेसर बी के भारद्वाज, सहायक आचार्य डॉ प्रवीण सिंह, डॉ सुरजन यादव, डॉ संजीव कुमार मिश्रा द्वारा भारतीय संविधान डॉ. अंबेडकर की योगदान की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक आचार्य राजनीतिक विज्ञान डॉ नवीन कुमार सिंह ने किया और औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य अंग्रेजी डॉ. नवीन कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# एक मदरसा की मान्यता पर चलता मिला चार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय

0 सभी विद्यालय अलग अलग विकास खंडों में संचालित बीईओ फाजिलनगर की जांच के बाद खुली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। क्षेत्र में विभिन्न नामों से खुल रहे अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की शिकायत के बाद कसया एवं फाजिलनगर के बीईओ जब हकीकत जानने कुछ विद्यालयों पर पहुंचे तो पता चला कि एनसीआरटी बोर्ड के नाम पर संचालित इन विद्यालयों की मान्यता किसी मदरसा की है और वह भी मदरसा संबंधित गांव में अस्तित्व में है ही नहीं।

मंगलवार को बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी विकासखंड कसया के कुरमौटा स्थित डॉ अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय मान्यताविहीन होने के कारण बंद कराया।सूचना के बाद बुधवार को वह सपहा स्थित एक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पहुंचे।मान्यता के नाम प्रबंधक ,प्रधानाचार्य ने उन्हें नज़बून नेशा गर्ल्स स्कूल सपहा के मान्यता को कापी दी। 30 अप्रैल 2010 को क्रमांक 95 पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जारी मान्यता आदेश वाला यही प्रति बीईओ को एक दिन पूर्व फाजिलनगर विकासखंड के महासोन स्थित एक निजी विद्यालय से मिला था।क्रमांक 95 पर 30 अप्रैल 2010 को हुबहु एक ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी दोनों मान्यता पत्रों में सही कौन है।

इसको लेकर असमंजस में फंसे बीईओ को तब आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब पता चला कि नज़बून निशा गर्ल्स स्कूल महासोन के नाम से महासोन में कोई मदरसा संचालित है ही नहीं।

इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कुशीनगर के नाम से एक ही क्रमांक पर दो मदरसों की मान्यता एक ही दिनांक में दो स्थलों के लिए जारी करना असंभव है। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।विधिवत जांच पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आने की उम्मीद है।

### महुअवा न्यायपंचायत में एक दर्जन मदरसा ,धरातल पर पांच

बीईओ की जांच में के बाद एक नाम से दो स्थलों पर मदरसा की मान्यता कापी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। दरअसल अकेले महुअवा बुजुर्ग न्याय पंचायत में सन 2013 के पूर्व एक दर्जन मदरसा की मान्यता ली गई है। जबकि धरातल पर लगभग 5 मान्यता ही संचालित हैं।ऐसे में शेष मान्यता किसके हैं और मदरसा कहां संचालित है यह जांच का विषय है।

## पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात गो-तस्कर रोहित यादव को लगी गोली, 20 प्रतिबंधित पशु बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तहबरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 अप्रैल को एक पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अंतरजनपदीय गो-तस्कर रोहित यादव को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में 20 प्रतिबंधित पशुओं को ट्रक से बरामद किया गया, साथ ही अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा और कारतूस भी जब्त किए गए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि 15 अप्रैल को तहबरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक में प्रतिबंधित पशु लादकर ले जाए जा रहे हैं। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्रक को रोका, लेकिन चालक रोहित यादव और उसका साथी अबिद मौके से फरार हो गए। ट्रक से 20 प्रतिबंधित पशु बरामद किए गए, जिसके आधार पर थाना तहबरपुर में गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया।15 अप्रैल की रात 21:30 बजे, पुलिस को सूचना मिली कि रोहित यादव और उसका साथी ग्राम करियावर के पास एक खंडहर में छिपे हैं। पुलिस ने जब वहां घेराबंदी की, तो रोहित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसका गोली प्रभारी निरीक्षक के दाहिने कान के पास से निकल गई। आत्मरक्षा में पुलिस ने नियंत्रित फायरिंग की, जिसमें रोहित के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तहबरपुर में भर्ती कराया गया। उसका साथी अबिद अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। रोहित के कब्जे से एक देशी तमंचा (315 बोर), एक खोखा कारतूस और एक मिस कारतूस बरामद हुआ। इस मुठभेड़ के आधार पर थाना तहबरपुर में सुसंगत मामला दर्ज किया गया।रोहित यादव (उम्र 26 वर्ष), निवासी ग्राम कोहड़ा, थाना शाहगंज, जौनपुर, एक कुख्यात गो-तस्कर है। उसके खिलाफ आजमगढ़, जौनपुर, गोरखपुर, फतेहपुर, प्रयागराज, अमेठी और उन्नाव में गोवध, गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, और अन्य धाराओं में 13 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## कंपोजिट विद्यालय धुरिया इमिलिया में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ /कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय धुरिया ईमिलिया में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव के आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। मेधावी छात्रों के सम्मानित करने पर उनके प्रतिभाओं में निखार आता है। प्राशिसं अध्यक्ष शंभू यादव ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने पाल्यों के शिक्षा पर जरूर ध्यान दें और उनका नामांकन नजदीकी परीषदीय विद्यालयों में करायें कार्यक्रम आयोजक प्रधानाध्यापक अमरनाथ सिंह ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी विनय कुशवाहा ने किया।इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, मिडिया प्रभारी अजय शर्मा, पूर्व एआरपी धर्मात्मा तिवारी, पूर्व एबीआरसी राजेश प्रसाद, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक पहुंचे मृतक के घर, की आर्थिक मदद , परिजनों को बधाया ढांढस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। शिवगढ़ थाना क्षेत्र में बीती 6 अप्रैल की रात भंडारे में शामिल होने परिवार के साथ अपनी ससुराल पूरे मालिन गांव गए मनीष सैनी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, इस हत्या काण्ड में हत्यारे कोई और नहीं थे, बल्कि मनीष सैनी की पत्नी रुबी तथा रुबी के आशिक सुनील ने ही एक खेत में मनीष सैनी पर ताबड़तोड़ देशी पिस्टल से दो राउंड गोलियां झोंक कर मौत के घाट उतार दिया था। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। वहीं जिले के मुखिया पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश के बाद घटना को लेकर पुलिस एलर्ट मोड़ में थी, महज 24 घंटों के भीतर ही रायबरेली पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया था, जिसमें हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले मृतक मनीष सैनी की पत्नी रूबी और उसका आशिक सुनील था। पुलिस पूछताछ में हत्यारे रुबी और उसके आशिक सुनील ने बाकायदा पुलिस को यह बताया था कि, मनीष सैनी को मारने के लिए वह लोग पिछले एक महीने से योजना बना रहे थे, जिसके लिए सुनील बिहार से पिस्टल खरीद कर लाया। आज बुधवार को घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक व भाजपा नेता रामलाल अकेला ने मृतक मनीष सैनी के घर पूरे गरीब मजरे अतरेहटा पहुंचकर पीड़ित परिवार के आंसू पोछे और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए घटना को अमानवीय बताया तथा आर्थिक मदद करी। आपको बता दें कि, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे मालिन गांव में 6 अप्रैल की रात मनीष सैनी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया था। आज बुधवार को पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पीड़ित मां, भाई और मृतक मनीष सैनी के तीन छोटे-छोटे मासूम बच्चों के आंसू पोंछे और आर्थिक सहयोग दिया। पूर्व विधायक ने रिश्तों और मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना बताते हुए, परिजन को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि, पीड़ित परिवार और मृतक मनीष सैनी के तीन छोटे-छोटे मासूम बच्चों की स्थिति को देखकर काफी मर्माहत हुआ हूं। मैंने जो यहां पीड़ित परिवार की स्थिति देखी, वह अच्छी नहीं है।

## हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। खड्डा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के बंधे के निकट देर शाम एक मनबढ़ व्यक्ति ने आटा चक्की की दुकान जाते समय एक अधेड़ व्यक्ति पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया घायलावस्था में सीएचसी तुर्कहा इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार देर शाम हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नौतार जंगल गांव के रहने वाले संवरु जखिनिया चौराहा स्थित आटा चक्की की दुकान पर गेहूं रखने जा रहे थे। इसी दौरान अहिरौली बंधे पर खड्डा थाना क्षेत्र के गांव अहिरौली निवासी रविंद्र उर्फ छोटू उम्र करीब 32 वर्ष ने धारदार हथियार से संवरु के पीठ पर वार कर दिया जिससे वे वहीं घायल होकर गिर पड़े।

सूचना मिलते ही पुलिस और आस-पास के लोगों ने घायलावस्था में उसे सीएचसी तुर्कहा इलाज के लिए भर्ती कराया।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उपनिरीक्षक संजय प्रजापति, हेड कांस्टेबल हसन नवाज एवं कांस्टेबल शैलेश यादव की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## सड़क किनारे से गाय की चोरी का प्रयास, शोर मचाने पर भागे चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। कसया-तमकुही मार्ग पर स्थित तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के राजापाकड़ ग्राम पंचायत अंतर्गत गोपलापट्टी टोला में मंगलवार की मध्यरात्रि चोरों ने एक व्यक्ति के घोठा से गाय खोलकर ले जाने का दुस्साहसिक प्रयास किया। हालांकि परिजन के शोर मचाने पर चोर गाय छोड़कर फरार हो गए, लेकिन मुख्य सड़क के किनारे हुई इस घटना ने पुलिसिया गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।उक्त टोला निवासी प्रेमचंद यादव का घोठा उनके घर से लगभग पचास मीटर दूर सड़क किनारे स्थित है। रात करीब बारह बजे दो अज्ञात युवक अपाची बाइक से पहुंचे और उसे समीप स्थित नहर के पास खड़ा कर पैदल घोठा तक गए। वहां बंधी गाय को खोलकर हांकते हुए ले जाने लगे। इसी दौरान छत पर सोए स्वजन की नींद खुली और उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जाग गए, जिससे घबराकर चोर मौके पर ही गाय छोड़ बाइक से पश्चिम दिशा की ओर भाग निकले। घटना की सूचना तत्काल बरवाराजापाकड़ बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई। सूचना के कुछ समय बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की जांच की। ग्रामीणों ने इस वारदात को पुलिसिया गश्त की विफलता करार देते हुए कहा कि मुख्य मार्ग पर इस प्रकार का प्रयास न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती है, बल्कि चोरों के बढ़े मनोबल का भी परिचायक है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे मार्गों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए ताकि चोर गिरोहों पर अंकुश लगाया जा सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, गांव में शोक की लहर

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कंसीपुर मजरे पूरे अंचली निवासिनी एक 25 वर्षीय विवाहित महिला ने घर के अंदर कमरे में पंखे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के कंसीपुर मजरे पूरे अंचली निवासिनी लक्ष्मी पत्नी रामनरेश पासी उम्र 25 वर्ष ने आज 16/04/025 दिन बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे कमरे के अंदर पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

## दिखावे के लिए हाथ में संविधान, गैंगेस्टर के यहां अखिलेश यादव खाते हैं दावत-ध्रुव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार, अपराधमुक्त उत्तर प्रदेश बनने का काम कर रही है। वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गंभीरपुर थाना के मंगरावां क्षेत्र के एक अपराधी गैगेस्टर के घर वोट बैंक के लिए दावतें वलीमा में शामिल होते हैं। आजमगढ़ की जनता ने अखिलेश यादव और उनके भाई को आजमगढ़ से सांसद बनाकर सम्मान दिया था लेकिन वह आजमगढ़ के आम जनता के दुःख सुख में कभी नहीं आते। ये लोग दिखावे के लिए संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं लेकिन किसी दलित के घर किसी गरीब के घर किसी साधारण कार्यकर्ता के घर कभी नहीं जाते। प्रेस वार्ता के दौरान जहां भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला, वहीं तरवां थाने में हुई दलित युवक शनि की मौत मामले में निलम्बित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के सवाल पर जवाब देने से बचते नजर आये।प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में एक दलित के साथ दुखद घटना घटी है लेकिन अखिलेश यादव को उस दलित परिवार से मिलने की फुर्सत नहीं है। अखिलेश यादव सिर्फ, जो उनके फाइनेंसर है, माफिया है, गुन्डे है ,जमीन कब्जा करने वाले लोग हैं जिनके उपर सरकारी विभागों के कई मुकदमे दर्ज हैं,उनके घर दावत उड़ानें जाते हैं। वह किसी भी गरीब के आंसू पोंछने कभी भी आजमगढ़ नहीं आते हैं। हमारी सरकार ने आजमगढ़ में हमारे सांसद विधायक न होने के बाद भी आजमगढ़ के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। आजमगढ़ में विश्वविद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, एयर पोर्ट सभी सड़कें फोर लेन, सिक्स लेन से जोड़ी जा रही है, संगीत विद्यालय जैसी तमाम योजनाओं से आजमगढ़ का विकास करने का काम कर रहीं हैं।

अपराधियों का आजमगढ़ से धीरे-धीरे खात्मा हो रहा है, लेकिन सपा को आजमगढ़ ने दस विधायक और दो सांसद दिया जिसके बदले में सपा मुखिया अखिलेश यादव आजमगढ़ में गुन्डे, अपराधियों, माफियाओं को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू और पूर्व विधायक वंदना सिंह मोजूद रहे।

# गोण्डा में शिक्षा के नाम पर लूट,मनमानी फीस वसूल रहे प्राइवेट स्कूल, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है लेकिन आज के स मय में ये अधिकार सुविधा महज बनकर ही रह गया है.आ ज के टाइम पर सभी अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चों का एडमिशन अच्छे से अच्छे स्कूल में हो इसके लिए वह हर संभव प्रयास भी करते हैं लेकिन आज के टाइ म पर बच्चों के स्कूल की फीस का बोझ उनके अभिभाव क पर इतना भारी हो गया है कि अब उनका कंधा झुकने लगा है लेकिन सवाल लाड़लों के भविष्य का है तो अभिवा वक बेहतर से बेहतर कोशिश करते हैं।जिले में कई समाज सेवियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेरेंट्स और संगठ नों ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी को लेकर आंदोलन चल रहा है,किन्हीं जगहों पर तो लोग अधिकारि यों से मिलने की कोशिश कर रहें है जिला विद्यालय निरीक्ष क मिलने भी आनाकानी कर रहे हैं।

### सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की फीस में कितना अंतर

सरकारी स्कूलों में पूरी पढ़ाई जितनी कीमत,प्राइवेट में उतनी सिर्फ किताबों की यदि सरकारी स्कूलों की बात करें तो ज्यादा स्कूलों में शिक्षा निशुल्क ही है अगर किन्हीं स्कू लों में फीस जा भी रही है तो साल के हजार दो हजार रुप ये ही फीस जाती है

### एडमिशन के नाम पर परिवार की जेब पर हमला

निजी स्कूलों ने आम लोगों को शिक्षा के नाम पर लूटने का ऐसा फार्मूला निकाला है कि पहली क्लास में ही बच्चे का दाखिला कराने का मतलब है लाखों रुपये लगते है।गोण्डाजिले में स्थित एक निजी स्कूल में पहली क्लास में पढ़ने वाले बच्चों की किताबें ही तीन हजार रुपये से ऊपर आ रही हैं जरा सोचिए जब किताबें ही तीन हजार से ऊपर की है तो स्कूल की फीस कितनी होगी.....? ऐसे स्कूल पहली क्लास में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक से महीने के चा र से पांच हजार रुपये वसूलते हैं.इसके अलावा एडमिशन के नाम पर अलग से मोटा पैसा लिया जाता है।

### हर साल बदले जा रहे सिलेबस,बढ़ रही परेशानी

अगर आप अपने बच्चे को खुद स्कूल ड्राप करते हैं तो ठीक हैं नहीं तो निजी स्कूल कुछ ही दूरी के दो हजार से तीन हजार रुपये महीने या उससे ज्यादा वसूलते हैं. रिपो र्ट्स बताती हैं कि हर साल सिलेबस बदलकर अविभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है अभिभावक खुद बता ते हैं कि निजी स्कूल संचालक प्राइवेट बुक डिपो से मोटा क मीशन लेकर राइटरों के नाम बदलकर अभिभावकों को हर वर्ष कोर्स खरीदने पर मजबूर करते हैं।

इसके अलावा किताबों और कॉपियों का खर्चा अगर कुल मिलाकर बात की जाए तो जिले में सरकारी स्कूलों में 12 वीं क्लास की पढ़ाई का कुल खर्च दो से तीन हजार रुपये के आसपास होगा वहीं,इसके उल्ट जब प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो कितने में सरकारी स्कू ल में बच्चा पूरे साल पढ़ ले,उससे ज्यादा की तो किताबें ही आ जाती हैं।

# उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की शैक्षिक संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान, सेवानिवृत्ति शिक्षक सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक खोराबार द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक के सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया। उनके कई दसको के सेवा काल में उनके शैक्षिक योगदान को देखते हुए जिससे विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जो उन्होंने दीपक की लौ जलाया, जिससे बच्चे समाज में अपना नाम रोशन करके अपने प्रदेश का नाम रोशन करते रहें है।इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा एवं जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को भी सम्मानित किये जाने के क्रम में जिलाध्यक्ष राजेश धर दूबे के प्राथमिक विद्यालय बड़गों के कृष्णा पुत्र राजेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र ओझा ने खोराबार के शिक्षक /शिक्षिकाओं को संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रादेशिक बरिष्ठ उपाध्यक्ष भक्त राज राम त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राजेश धर दूबे, मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेशीय बरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भक्तराज त्रिपाठी,जिलामंत्री श्रीधर मिश्र,बरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय, कोषाध्यक्ष सुधांशु मोहन सिंह, उपाध्यक्ष एवं मिडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र ओझा,अनिल पाण्डेय,युगेश शुक्ला,अनिल चंद,राजेश सिंह,राकेश राय, डा. सी. बी. तिवारी,नरेंद्र सिंह,संग्राम सिंह, सुमंत सिंह,रितेश राय,धर्मेंद्र सिंह, विनय श्रीवास्तव,अनिरुद्ध त्रिपाठी,सुखराम प्रसाद,अरविन्द पाण्डेय,अच्युत गोविन्द, अंजू रावत, आभा दूबे,अरविन्द मौर्या,सुबास चंद आदि अनेक पदाधिकारी एवं सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

# जानकी नगर में तालाब पर अवैध अतिक्रमण हटाने का अभि यान शुरूः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की तत्परता और संवेदन शीलता के चलते जानकी नगर स्थित ऐतिहासिक तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। यह कार्रवाई उस समय शुरू हुई जब पूर्व प्रधान शिव बहादुर पाण्डेय द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई गई।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनशिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तहसील सदर और नगर पालिका परिषद को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गाटा संख्या 747 स व 748, जो नगर पालिका परिषद गोंडा के म्युनिस्पिल बोर्ड तालाब के रूप में दर्ज है,उस पर लगभग 0.089 हेक्टेयर भूमि पर ज्योति पाण्डेय द्वारा मिट्टी भरकर पिलर और ढांचा खड़ा कर कब्जा कर लिया गया था।तहसीलदार सदर की रिपोर्ट के अनुसार,यह कब्जा पूरी तरह अवैध था और इस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता थी।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर मजिस्ट्रेट व नगर पालिका गोण्डा के अधि शासी अधिकारी को निर्देश दिए कि बिना विलंब अतिक्र मण हटाया जाए और तालाब की मूल संरचना को बहाल किया जाए।नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने जानकारी दी कि कब्जेदार को नोटिस जारी किया गया है और उनके द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाया जा रहा है।अतिक्रमण हटने के बाद तालाब के संरक्षण की दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएंगे

# भागवत कथा सुनने से अहंकार का होता है नाशः शंखबाबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोला क्षेत्र के बाघागड़ा गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य सत्य प्रकाश शंखबाबा ने गोवर्धन भगवान की कथा सुनाया.उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें अहंकार त्याग कर विनम्रता और प्रकृति प्रेम का संदेश देती है.कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है।लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि 24 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ । जब कंस ने सारी मर्यादाऐं तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने पीड़ितों की सुनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित जनुसनवाई के दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक पीड़ित महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की। जनुसनवाई के दौरान मा. उपाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए देश एवं प्रदेश सरकार सदैव प्रतिबद्ध है। जिसके तहत आज जनसुनवाई में उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया गया है और शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया है। महिला उत्पीड़न, दहेज आदि से सम्बन्धित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका निराकरण किया गया है। उन्होने यह भी कहा कि एन.सी.आर.बी. के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में महिलाओं के मामलों में स्थिति पहले से बेहतर हुई है। पहले महिलाएं अपनी बात रखने में भी डरती थीं, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।श्रीमती यादव ने कहा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि महिलाओं से जुड़े कोई भी मामले हो, उसे गम्भीरता से लेकर उसका निवारण किया जाए। उन्होने कहा कि इन सभी मामलों में अशिक्षा और जागरूकता का अभाव होना एक बड़ा कारण है। इसे तभी रोका जा सकता है, जब समाज पूर्ण रूप से शिक्षित हो। इसके लिए देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं जैसे-कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मिशन शक्ति आदि संचालित की जा रही है। जिससे महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। जनुसनवाई के दौरान पूर्व पंजीकृत मामलों में आज उपस्थित हुए लगभग 01 दर्जन से अधिक फरियादियों के मामलों का सुलह-समझौता के आधार पर मौके पर निस्तारण किया गया।इससे पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती यादव जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय ताकि पात्रता रखने वाले असंतृप्त व्यक्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का रंग-रोगन कराया जाय तथा लक्षित गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को मानक के अनुसार विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय।

# डीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा संचालित अति महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान हेतु जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 1700 का लक्ष्य आवंटित हुआ है।

डीएम ने बैठक के माध्यम से कृषकों एवं जिले के युवक-युवतियों से अपील की है कि अधिकाधिक पंजीकरण कराकर योजना का भरपूर लाभ उठायें। डीएम ने बताया कि योजनान्तर्गत अभ्यर्थी को रू. 5.00 लाख तक 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइड एमएसएमई डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा सीएम युवा हेल्पलाइन नम्बर 9129987111 के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।बैठक के दौरान कृषकों की ओर से रबी सीजन हेतु मक्का व राई सरसो क्रय केन्द्र स्थापित किये जाने के सुझाव पर डीएम ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र की स्थापना हेतु उनकी ओर से शासन को पत्र भिजवायें। डीएम ने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया कि आर-सेटी के माध्यम से महिला समूहो को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिलाकर अगरबत्ती निर्माण के क्षेत्र में महिलाओं को स्वावलम्बी बनाया जाय। डीएम ने लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मसंद को निर्देश दिया कि जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाय कि कृषकों को शासन की मंशानुरूप के.सी.सी. निर्गत करें। डीएम ने सचेत किया कि केसीसी बनाने के सम्बन्ध में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।काला नमक प्रजाति के प्रक्षेत्र विस्तार हेतु किसानों की ओर से दिखायी जा रही को देखते हुए डीएम ने कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि आकांक्षी जनपद के कृषकों को सिद्धार्थनगर से काला नमक प्रजाति के.एन.-2 के बीज मंगवाकर कृषकों को उपलब्ध कराया जाय।

# उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। बुधवार को गोरखपुर कचहरी में पेंशन भवन में उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री हरि नारायण पांडे ने किया तथा संचालन श्री बीपी पाठक ने किया सभा को संबोधित करते हुए श्री पांडे जी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा वित्त विधायक में जो संशोधन किया गया है जिससे पेंशनर को आठवीं वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलेगा इसके लिए हम लोगों को संयुक्त रूप से आंदोलन करना पड़ेगा श्री पाठक जी ने कहा कि हमारे सांसद एवं विधायक का वेतन एवं पेंशन 24% बढ़ जाता है लेकिन कर्मचारी एवं पेंशनरों को लाभ देने में दिक्कत होती ह रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के महामंत्री मुन्नीलाल गुप्ता ने कहा की वित्त मंत्री के द्वारा लाया गया विधायक पेंशनर विरोधी है इसकी लड़ाई राज्य सरकार केंद्र सरकार रेल विभाग के पेंशनरों को मिलकर लड़ना पड़ेगा जिससे सरकार के समाने हम लोग पेंशनों की ताकत को दिखा सके राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री श्री रुपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा की अब लड़ाई आमने-सामने की है आज अगर हम लोग एकजुट होकर वित्त विधायक का विरोध नहीं किया गया तो आने वाली हमको आने वाली पीढ़ी हमको माफ़ नहीं करेगी तथा हम सभी विभागों के साथ एक संयुक्त आंदोलन करेंगे तथा उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि सरकार को ग्घ्ट्ट तुरंत लागू किया जाना चाहिए सभा में राम आधार पांडे डॉक्टर बीके सिंह राम अवतार सिंह श्याम बिहारी श्रीवास्तव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव राहुल वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



जरवल, बहराइच। स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क जानकारी व दवाओं का हुआ वितरण सरकारी योजनाओं की दी जानकारीपापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया के द्वारा जरवल ब्लाक के ग्राम हैदराबाद में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को जनसंख्या नियंत्रण एवं सरकार चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। मेले में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया। सीएमओ ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि इससे पांच लाख रुपये का इलाज किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है।इस अवसर पर सीएचसी जरवल के डॉ.अशोक कुमार सिंह एवं मोबियस फाउंडेशन के रामबरन यादव समेत अन्य तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिक्षा से देश सजाये हर बच्चे क़ो पढ़ाये : अरविन्द सिंह



जरवल, बहराइच। परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन को बढ़ाने के लिए जरवल शिक्षा क्षेत्र के प्रा.वि.मुरावनपुरवा में प्रवेशोत्सव एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । मुख्य अतिथि बीईओ अरविन्द बहादुर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यपिका शिखा सिंह ने मुख्य अतिथि क़ो स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर तथा अन्य अतिथियों क़ो पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने गीत ,नृत्य प्रस्तुत कर सभी को सम्मोहित किया । शिक्षक संघ के अध्यक्ष आसिफ अली,मंत्री विनय कुमार सिंह व सतेंद्र गंगवार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बच्चों को आशीर्वचन दिया तथा अभिभावकों से बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने मे सहयोग हेतु अपील की।खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की आज परिषदीय विद्यालय बेसिक शिक्षा जगत में अपना झंडा गाड़ चुके है।उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय विकास में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव,शैलेन्द्र प्रताप सिंह, गौरव मिश्रा,आराधना ,किरन, विवेक अवस्थी परशुराम तिवारी,मुबस्सीर,अख़लाक़ अहमद समेत शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### 50 हजार का इनामी शातिर ठग गिरफ्तार

गोंडा। परसपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार द्वि वेदी के तहरीर पर मौरंग बालू के खनिज का पट्टा दिलाने के नाम पर मदन गुप्ता निवासी ग्राम एमआइजी 212 के सेक्टर अयोध्या नगर हुजूरपुर थाना अयोध्या नगर अपने साथी चंदन दीक्षित व हरवीर सिंह उर्फ काके सरदार के साथ पचास हजार रुपए की ठगी की गयी थी,सुनील की तहरीर पर थाना परसपुर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था,तभी से परसपुर पुलिस तलाश कर रही थी,तीन महावीर जाने के बावजूद परसपुर पुलिस का हाथ उन तीनों अभियुक्तों तक नहीं पहुंच सका,पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने शातिर अभियुक्त के ऊपर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था,एसटी एफ लखनऊ की टीम ने इनामिया शातिर अभियुक्त मदन गुप्ता गुप्ता को रात से गोपाल जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच मोबाइल,अमेरिकन एक्सप्रेस डे बिट कार्ड,शस्त्र लाइसेंस किताब व रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया है।

# फायर सेफ्टी पर अधिकारियों के कोरे वादे,मौत के मुहाने पर जिले में अधिकांश अस्पताल

0 शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर निजी अस्पतालों पर अग्निशमन विभाग की एनओसी नहीं

0 स्वास्थ्य विभाग केवल लाइसेंस बांटने पर लगा,जांचने पर नहीं ध्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शहर में कदम-कदम पर निजी अस्पताल खुले हुए हैं।यहां पर लोगों की जान बचाने के दावे किए जा रहे हैं। पर हकीकत में मरीजों के जान की इन्हें कितनी परवाह है, इसका अंदाजा वहां अग्निशमन सुरक्षा के इंतजामों से ही लगाया जा सकता है।अधिकांश अस्पतालों में आग से ब चाव के इंतजाम नदारद हैं।गिनती के फायर एक्सटिंग्यूसर लगाकर कोरम पूर्ति की जा रही है।ऐसे में शहर के निजी अस्पतालों में खुदा न खास्ते आग लगने पर जान सांसत में फंस सकती है।वहीं,जिम्मेदार विभाग का कहना है कि इ न्हें अवगत कराया है।साथ ही अधिकांश पर एनओसी नहीं है।लेकिन फिर भी ये धड़ल्ले से संचालित हैं।उधर, स्वास्थ्य विभाग के पास 108 निजी अस्पताल व क्लीनिक पंजी करण है।इन निजी अस्पतालों को विभाग ने लाइसेंस दिया है।हालांकि इससे दो गुना संख्या में अस्पतालों का संचाल न धड़ल्ले से हो रहा है।तमाम जगहों पर बस क्लीनिक के रूप में पंजीकरण कराकर मरीजों की भर्ती किया जा रहा है।किसी भी निजी अस्पताल को लाइसेंस जारी करने से पहले अग्निशमन विभाग से एनओसी लेनी होती है। विभा ग तय मानकों पर वहां सुरक्षा उपायों का पड़ताल करता है।इसके बाद ही एनओसी देता है।अग्निशमन विभाग के रिकार्ड में कुछ प्रमुख अस्पतालों को छोड़ दें तो अन्य कि सी ने भी एनओसी नहीं ली है। अग्नि सुरक्षा के नाम पर बस दो-चार फायर एक्सटिंग्यूसर जरूर लगाए गए हैं। जिनकी उपयोगिता की जांच भी लंबे समय से नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर तो बेपरवाह है वह आंख बंद कर मौन बना हुआ है। लेकिन अग्निशमन विभाग भी ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई नहीं कर सका।बिना एनओसी लि ए अस्पताल का संचालन हो रहा है।

### एक ही निकास द्वार,बेसमेंट में बने हैं वार्ड

निजी अस्पतालों में बड़े भवन के लिए नियम यह है कि वहां कम से कम दो निकास द्वार हों ताकि आपात स्थिति में एक द्वार से लोग बाहर निकलते रहे और दूसरे से राहत कार्य जारी रहे।इस नियम का भी यहां कई अस्पतालों में पालन नहीं हो रहा है।कुछ निजी अस्पतालों में दो रास्ते ही नहीं है।वाहनों की पार्किंग के लिए बनाए जाने वाले बेस मेंट भी वार्ड बनाकर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। जिससे आपात स्थिति में मरीज बाहर भी नहीं निकल सकते है।

### निजी अस्पतालों में अप्रशिक्षित कर्मचारी

किसी भी संस्थान के कर्मचारियों के लिए आग और अन्य आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने प्रशिक्षण अनिवार्य किया हैं।इसके बावजूद अस्पताल या अन्य सं स्थान इसे लेकर गंभीर नहीं हैं।अग्निशमन विभाग की ओर से भी इस बारे में कभी पहल नहीं की जाती।जिससे बिना अग्निशमन मानकों के निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है।स्वास्थ्य विभाग का निजी अस्पतालों को बिना जां च पड़ताल किए कागजों में संचालन कर देता है।निरीक्षण से दूरी बना लेते है।वही स्वास्थ्य विभाग की नजर कभी इन अस्पतालों पर नहीं गई।यहां कितने के पास अग्नि से बचाव के सुरक्षा इंत जाम हैं और किस-किस पर एनओसी है।खास बात तो ये है कि जिला कलक्ट्रेट के सामने भी ध ड़ल्ले से निजी अस्पताल संचालित हैं।फिर भी जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे हैं।

# सीओ ने केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर के समापन में प्रमाण पत्र व पुरस्कार बांटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि वर्ष 2025-26 मे आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय पन्द्रह वर्ष से कम आयु के कबड्डी खेल के बालक व बालिकाओं का केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर दो अप्रैल से सोलह अप्रैल तक जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में पन्द्रह बालक एवं पन्द्रह बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि आज उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अमेठी के क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र द्वारा प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग किये गये खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया तथा खेलो इण्डिया सेन्टर के तहत संचालित एथलेटिक्स खेल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक व बालिकाओं को वार्षिक किट वितरण किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाले बालक वर्ग के खिलाड़ियों में क्रमशः जनपद मथुरा से विपिन चौधरी, ध्रुव कुमार, विशाल सिरोही, आगरा से मयंक, मयूर, वाराणसी से सागर यादव, लखनऊ से यश राजपूत, झांसी से सुमित, बिजनौर से किशन पाल, गोरखपुर से संजीव मौर्य, देवरिया से तौफीक अंसारी, गाजीपुर से अबुजार, बागपत से राज राठी, अमेठी से शिवम सोनी व प्रतापगढ़ से हर्षित मिश्र तथा बालिका वर्ग के खिलाड़ियों में जनपद गाजीपुर से आरती यादव, सपना यादव, वाराणसी से नेहा यादव, रितु पटेल व वर्षा, अमेठी से चन्दन पाल व कृतिका, भदोही से खुशी यादव, बांदा से आफरीन, फर्रूखाबाद उमान्सी, लखनऊ से सानिया गौतम, अमरोहा से प्रियंका, सुल्तानपुर से आकांक्षा यादव, देवरिया से शिफा खातून व मऊ से नेहा ने आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर उप क्रीड़ाधिकारी कासगंज हरफूल सिंह, शमीम अहमद एवं मोहम्मद मोसर्रफ खा तथा कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक राम आसरे यादव व जीवन रक्षक मोहम्मद आरिफ, लबली तिवारी, मोना सिन्हा, मोहम्मद नदीम सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बीएसए ने प्राइवेट स्कूलों में मंहगी किताबों पर बीईओ को सौंपी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अभिवावकों द्वारा अगर शिकायत की जाती है तो स्कूल के संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी**

अमेठी । जनपद में संचालित प्राइवेट विद्यालयों द्वारा कमीशनखोरी के चलते मंहगी किताबें लगाये जाने पर अभिवावकों में बढ़ते आक्रोश की खबर मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीएसए ने समस्त बीईओ को पत्र भेजकर ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जनपद के समस्त बीईओ के साथ ही प्रायवेट विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को भेजे गये पत्र में लिखा है कि जनपद में मान्यता प्राप्त विद्यालयों में एनसीई आरटी की पाठ्य पुस्तकों का उपयोग न कर अन्य प्रशासकों की किताबे लगायी गयी है जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है यह स्थिति अत्यन्त ही आपत्तिजनक एवं स्वीकार योग्य नहीं है। उन्होंने लिखा है कि विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशकों से वेंडर तय करके अभिभावकों को वहीं से कांपी किताबें खरीदने हेतु मजबूर किया जाना, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं राज्य सरकार द्वारा प्रज्ञापित निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 तथा अशासकीय प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों की मान्यता से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-575/68-3-2018/2041/2023 दिनांक 26.09.20 जनियर शुल्क नियामक अधिनियम 2018 में निर्धारित नियम एवं शर्तो का स्पष्ट उल्लघंन है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि अपने अपने विकास क्षेत्र में संचालित ऐसे गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय जहां पर कांपी किताबों की बिकी में निजी प्रकाशकों से वेंडर तय करके अभिभावकों को वहीं से कांपी किताबें खरीदने हेतु मजबूर किये जाने वाले विद्यालयों की सूचना तथा उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करते हुये तत्काल अवगत करायें जिससे कि इन विद्यालयों को संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके तथा स्कूल संचालक अभिभावकों पर निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिये कदापि दबाव न बनाये एवं स्कूल अभिभावक को किसी तय दुकाने या व्यक्ति से किताबें खरीदने के लिये मजबूर न किया जाये यदि किसी अभिभावक के द्वारा इस प्रकार की शिकायत अधोहस्ताक्षरी, जिला विद्यालय निरीक्षक अथवा जिलाधिकारी के कार्यालय में की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम को नोडल अधिकारी नामित करते हुये जनपद के समस्त प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण करने के साथ ही जांच आख्या तलब की है।

# पूरनपुर पुलिस को मिली सफलता आठ गौ तस्करों को पकड़ कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र मे लगातार हो रही गौकशी को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। पशुओं के अवशेष मिलने के बाद पुलिस तस्करों की धर पकड़ में जुटी हुई थी। कई संदिग्धों से पूछताछ के बाद कई अहम सुराग भी मिले। घटना के पांचवें दिन पुलिस ने मुठभेड़ में आठ को गिरफ्तार किया है। दोनों तरफ से फायरिंग में एक तस्कर घायल हुआ है। आरोपियों के पास तमंचे और पशु वध के उपकरण भी बरामद होने का दावा किया है 11 अप्रैल को पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा तालुके महाराजपुर, 12 अप्रैल को खमरिया पट्टी और 13 अप्रैल को महद खास सहित चार अलग स्थान पर गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठन के लोगों ने हंगामा काटा था। घटना से पुलिस की नींद उड़ी हुई थी। दो मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तस्करों के धर पकड़ शुरू कर दी थी। घटनाओं के वर्कआउट को लेकर अलग-अलग टीमें लगाई गई थी। पांच दिन में लगभग दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ भी की। इसमें कई अहम क्लू भी मिले। 15/16 रात्रि 2 बजे कोतवाली पुलिस गश्त कर रही थी। तभी खमरिया पट्टी तिराहे से कुछ व्यक्ति द्वारा एक बछड़ा ले जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर आरोपियों को आत्म समर्पण के लिए कहा। पकड़े जाने से के भय से तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। मुठभेड़ में शेरपुर कलां निवासी मोहम्मद कमर पुत्र तुफैल के पैर में गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घायल सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया को गिरफ्तार कर लिया है। घायल को उपचार के लिए इस काल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ मे पकडे गये शेरपुर निवासी मोहम्मद कमर पुत्र तुफैल, अकरम पुत्र सुखा, जावेद पुत्र कल्लू, लाइनपार साहूकारा निवासी इसरार पुत्र इरशाद खानका निवासी शाहिद पुत्र मुन्ना उर्फ मुच्छड़, आरिफ पुत्र सादिक, छोटू उर्फ राहत पुत्र यूसुफ, फहीम पुत्र यूनुस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल नरेश त्यागी, कस्बा चौकी इंचार्ज विपुल कुमार, दरोगा प्रताप धामा, कांस्टेबल शिवा,अंकित बालियान, मोनी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा है।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों पर रहेगी जिला प्रशासन की नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बुधवार को वर्चुअल रूप से आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दृष्टिगत रखते हुए एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, समीक्षा बैठक में अपर जिला अधिकारी रितु पुनिया वि0/रा0, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार , श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि कला, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वय निर्वान सिंह, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रभारी निरीक्षक मनोज शुक्ला एवं संरक्षण अधिकारी, रमनदीप कौर, बाल कल्याण समिति द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोग द्वारा अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह रोकने के लिए आवश्यक सुझाव दिए होते हुए अवगत कराया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनयम 2006 अनुसार बाल विवाह में हिस्सा लेने बाले व्यक्तियों जैसे बरातियों, घरातियों, विवाह को संपन्न करने वाले पुरोहित, नाई, बैंड वाले, टेंट वाले, विवाह कार्ड छापने वाले, हवाई, बारात घर के मालिकों आदि पर कानूनी किए जाने का प्रावधान है, गौरवतल हो कि विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है, यदि इससे कम उम्र की शादी लड़के अथवा लड़की की होती है तो वह अपराध की श्रेणी मे आता है, जिसके तहत बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा, बाल विवाह होने पर 02 साल की जेल व एक लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। अपर जिला अधिकारी ने आयोग को बताया कि गत वित्तीय वर्ष में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन, डीसीपीयू एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस द्वारा कुल 20 प्रकरणों में से 18 बाल विवाह को समय रहते रोका गया तथा 02 प्रकरणों में एफआईआर भी पंजीकृत कराई गई। उपरोक्त के अतिरित आयोग द्वारा एक बाल विवाह के प्रकरण में जनपद पीलीभीत में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर 33 लोगों के विरुद्ध पंजीकृत एफआईआर को लेकर पीलीभीत प्रशासन की सराहना करते हुए, जनपद में प्रसार प्रसार हेतु आशा एवं आंगनवाड़ी के माध्यम से बाल विवाह की सूचना, बाल विवाह से पूर्व प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया, की विवाह होने के सम्बध में कोई सूचना देना चाहता है, तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं महिला हेल्प लाइन नंबर 181 पर अपनी शिकायत को दर्ज कराया जा सकता है जिसमे शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा ।



## अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के तहत रंगोली प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम,नैना द्वितीय,भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड अमरिया की ग्राम पंचायत गिधौर में डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती को लेकर आयोजित पकवाड़ा के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इस प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने रंगोली बनाकर बाबा साहेब के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत ज्ञान शक्ति सबसे महान थीम पर रंगोली प्रतियोगिता पीएम श्री कंपोजिट स्कूल गिधौर में किया गया है।जिसमें मनीषा ,परिधि,ने प्रथम स्थान ,दीप्ती,नैना द्वितीय स्थान, भावना एवं करन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं।

## ब्लाक सभागार में वाद विवाद प्रतियोगिता गोष्ठी एवं सेमिनार का किया गया आयोजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शासन द्वारा चौदह से अठाइस अप्रैल तक विभिन्न तिथियों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में बुधवार को जनपद के सभी विकास खण्डों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः दस बजे से जनपद के सभी विकास खण्ड स्तर पर ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' थीम पर आधारित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, बैनर एवं झंडों के साथ प्रभात फ़ेरी निकाली गई।इसके उपरांत विकास खण्ड के सभागार में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया, तदोपरांत छात्र छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जनपद के समस्त विकास खण्डों में खण्ड विकास अधिकारियों की अध्यक्षता में गोष्ठी एवं सेमिनार का भी आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अधिकारियों द्वारा प्रकाश डाला गया।

## जगदीशपुर पुलिस ने स्मैक के साथ दो युवकों को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जगदीशपुर पुलिस ने गैरजनपद के दो युवकों को चौंतीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान राशिद पुत्र आरिफ निवासी चन्द्रामऊ थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या को ग्राम जलालपुर तिवारी के पास से पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मोहम्मद शकील पुत्र वकील खां निवासी चन्द्रामऊ थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या को जामो जगदीशपुर रोड के पास से उन्नीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# प्रधान शंकर राय ने पुलिस चौकी में दलित युवक को धमकाया युवक ने एसडीएम से की शिकायत मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।थाना माधोटांडा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रमनगरा चौकी निवासी दलित युवक मंजीत पुत्र सरवन प्रसाद ने उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि दिनांक 11 अप्रैल को पीड़ित पुलिस चौकी रमनगरा पर गया हुआ था। वहां पर पहले से ही मौजूद ग्राम प्रधान शंकर राय पीड़ित को देखकर आग बबूला हो गया पीड़ित ने घटना की जानकारी लेनी चाहिए तो ग्राम प्रधान भड़क गया और पीड़ित को गंदी-गंदी गालियां देने लगा पीड़ित एक दलित जाति का युवक है।पीड़ित से ग्राम प्रधान शंकर राय ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम प्रधान के साथ एक अन्य युवक भी था।बो भी पीड़ित के ऊपर लिपट पड़ा मारने को उक्त लोग काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं।बात इतनी बढ़ गई कि उक्त लोग पुलिस चौकी में खड़े होकर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते रहे पुलिसकर्मी उपरोक्त घटना देखते रहे।उक्त लोग बोले कि तुझे चौकी में जिंदा दफन कर देंगे उक्त लोग बोले चौकी थाने वाले कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं।इन्हें तो मैं पैसे से खरीद लूंगा कहीं भी चले जाओ कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता है।उक्त लोग बोले अगर नदी पार मिल गया तो वापस नहीं आएगा लोग इतने दबंग हैं।कि गांव में कोई बोलने को तैयार नहीं है। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत की थी।लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने पुनः उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान शंकर राय सहित अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# न्यायिक सुधार और न्यायपालिका के उत्तरदायित्व पर प्रस्ताव पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 12-13 अप्रैल को विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई, जिसमें पूरे देश से सभी प्रांतीय इकाईयों का प्रतिनिधित्व हुआ।

अधिवक्ता परिषद अवध की प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने इस बैठक में अवध प्रांत का प्रतिनिधित्व किया और यह बताया कि दस सूत्रीय प्रस्ताव के माध्यम से न्यायधीशों की नियुक्ति एवं कार्यव्यवहार में जवाबदेही व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 13 अप्रैल को पबैठक में इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को पारित किया गया। प्रस्ताव के महत्व को रेखांकित करते हुए अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. श्रीनिवास मूर्ति ने बताया कि न्यायधीशों की नियुक्ति के लिए नया कानून बनाने की आवश्यकता है जिससे कि न्यायमूर्ति की नियुक्ति की प्रक्रिया और उनके न्यायिक आचरण की निगरानी अधिक पारदर्शिता के साथ की जा सके, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि इस प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका बनी रहे। इस संदर्भ में अनेक बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायपालिका व न्यायप्रक्रिया में सुधार के लिए उक्त प्रस्ताव को पारित किया गया है।

# खेल तथा तकनीकी महोत्सव ल्लप्रतिभा 2025 के आयोजन की तैयारियां जोरों पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 17 से 19 अप्रैल तक चलने वाले त्रि दिवसीय खेल तथा तकनीकी महोत्सव ल्लप्रतिभा 2025ल्ल के आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। महोत्सव में होने वाले खेलों के लिए मैदान एवं अन्य स्थानों को तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में महोत्सव के मुख्य संयोजक रत्नेश सिंह, कोर कमेटी मेंबर्स सैनुद्दीन, ए के सिंह, ग्रीष्मा श्रीवास्तव तथा समस्त शिक्षक गण एवं वालंटियर छात्र जोर शोर से लगे हुए हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. (डा. ) डी एस पुन्डीर ने बताया कि तकनीकी संस्थान में छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के खेल व तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न खेल तथा तकनीकी ज्ञान से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। संस्थान के डीन रत्नेश सिंह ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अध्यापकों के निर्देशन में विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, जिनके निर्देशों के अनुसार छात्र कार्य कर रहे हैं। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु आवश्यक खेलों को सम्मिलित किया गया है। महोत्सव का उद्घाटन दिनांक 17 अप्रैल को होगा। इस महोत्सव में कुल 34 तरीके के खेलों का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

# नेशनल हेराल्ड की फर्जी चार्ज शीट पर कांग्रेस का हल्ला बोल किया किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी व कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड केस में चार्जशीट दाखिल करने के मामले को लेकर कांग्रेस का हुजूम सड़कों पर उतर गया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ता जिला कार्यालय से जुलूस की शक्ल में निकल कर लाल डिग्गी चौराहे, सुपर मार्केट, डाकखाना चौराहे होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया, कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस का जुलूस कलेक्ट्रेट के अंदर प्रवेश कर गया जहां कलेक्ट्रेट परिसर में चारों ओर घूमकर नारेबाजी करते रहे, उसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं की भीड़ तिकोनिया पार्क होते हुए पंत स्टेडियम पहुंची जहां प्रदर्शन का समापन किया गया। इस दौरान कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनता के लिए काम नहीं करते हैं, जबकि दूसरी ओर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, प्रशासन, पुलिस सबको अपने पालतू तोता बनाए हुए हैं। जब अन्याय होता है तो सड़क पर उतरना पड़ता है, केंद्र सरकार के दबाव ई.डी द्वारा सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम इसमे घसीट कर हमारे नेतागण पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हमारे नेता और हम लोग डरने वाले नहीं हैं आज अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरी है, और आगे भी लोकतंत्र की रक्षा के लिये लड़ाई लड़ती रहेगी। पूर्व प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, अन्याय के खिलाफ कांग्रेस ने हमेशा संघर्ष किया और करती रहेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि हमारे नेता के ऊपर फर्जी चार्ज सीट दाखिल की जा रही है जो पूरी तरह से निराधार है भारतीय जनता पार्टी विपक्षी नेताओं पर बदले की भावना से काम कर रही है, लेकिन कंाग्रेस इससे डरने वाली नहीं है।

# पंजाब का भविष्य देखें

यह विडंबना ही है कि पंजाब में आसन्न चुनौतियों को नजरअदांज करके राजनीतिक लाभ के लिये गैरजरूरी गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मान सरकार द्वारा विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज करना, एक अनाश्यक राजनीतिक उकसावा ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से यह प्रकरण एक अनुचित समय पर हुआ है। आज एक बार फिर पंजाब दोराहे पर खड़ा है, जहां उसे उन ताकतों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने अतीत में राज्य को भयावह संकट में धकेल कर अमन-शांति को ग्रहण लगाया था। इन ताकतों के खतरनाक मंसूबों को गंभीरता से महसूस किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में ग्रेनेड हमलों की शृंखला शासन-प्रशासन के साथ आम लोगों को व्यथित किए हुए है। ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधि के खिलाफ समय रहते सामूहिक संकल्प लेने की सख्त जरूरत है। इस वक्त पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में जिम्मेदार नेतृत्व की सख्त जरूरत है। यह समय नहीं है कि राजनीतिक लाभ-हानि के गणित को दृष्टिगत रखकर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ दिखाई जाए। यदि पंजाब में सिर उठा रही आतंकवाद की नई चुनौती के खतरे को गंभीरता से लेने की बजाय, अभद्र भाषा की टिप्पणियों को प्राथमिकता दी जाएगी तो राज्य का बहुत कुछ दांव पर लगेगा। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि इस राजनीतिक विवाद में पुलिस को घसीटा जा रहा है। ऐसे चुनौती वाले समय में जब पुलिस का मनोबल बढ़ाकर उसकी पूरी ऊर्जा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर केंद्रित करने की जरूरत है, जो राज्य को फिर से अतीत के उस काले दौर की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उबरने में पंजाब के लोगों ने भारी कीमत चुकाई थी। कोई नहीं चाहेगा कि राज्य को फिर उस भयावह दौर से गुजरना पड़े। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के समक्ष मौजूदा चुनौतियों और हिंसक अतीत को दृष्टिगत रखते हुए राजनीति प्रतिष्ठानों से संवेदनशील मामलों में संयमित और सावधान प्रतिक्रिया की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन विडंबना है कि नये सिरे से पंजाब की शांति को भंग करने की कुत्सित कोशिशों के प्रति राजनीतिक दलों द्वारा गंभीर प्रतिसाद नहीं दिया जा रहा है। हाल के दिनों में राज्य में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं की सतही बयानबाजी से तो ऐसा नहीं लगता है कि राजनेताओं द्वारा चुनौतीपूर्ण स्थितियों में परिपक्वता का व्यवहार किया जा रहा हो। सवाल है कि क्या कांग्रेस नेता बाजवा को अपने बयानों को अभिव्यक्त करने में अधिक सावधान नहीं रहना चाहिए था? निस्संदेह, उन्हें गंभीरता व परिपक्वता का परिचय देना चाहिए था। सवाल यह भी है कि उनके बयानों के जबाव में क्या सरकार की ओर से मामला दर्ज किया जाना चाहिए था? निश्चित रूप से नहीं दर्ज किया जाना चाहिए था। सत्तापक्ष और विपक्ष की कारगुजारियों को देखकर निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि दोनों की तरफ से मौजूदा परिदृश्य में प्राथमिकताएं निर्धारित करने में गलती की जा रही है। यानी बयानबाजी व कार्रवाई में संकीर्ण राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे उन तत्वों को शह मिलती है जो पंजाब के अमन-चौन को ग्रहण लगाना चाहते हैं। वक्त की मांग है कि पंजाब के दूरगामी हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों को राजनीतिक चश्मे से ही कदापि नहीं देखा जाना चाहिए। राज्य के हित निश्चित रूप से राजनीति से ऊपर उठकर होने चाहिए। निस्संदेह, यदि राज्य सरकार की कारगुजारियों में नीतिगत खामियां हैं, तो विपक्ष को उन्हें सूचीबद्ध करके उजागर जरूर करना चाहिए। लेकिन आतंकवाद के खिलाफ किसी भी लड़ाई का एक स्वर में समर्थन किया जाना चाहिए। यदि जरूरत महसूस होती है तो आम आदमी पार्टी सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलाने पर भी विचार करना चाहिए। इस मामले में तथ्यात्मक स्थिति को तो उजागर करना ही चाहिए, जिससे इससे जुड़ी किसी आशंका को दूर किया जा सके। निश्चित रूप से किसी आसन्न खतरे को महसूस करके उसके खिलाफ एकीकृत प्रतिक्रिया से जहां राज्य विरोधी तत्वों का मनोबल गिरेगा, वहीं आम लोगों की आशंकाओं को भी दूर किया जा सकेगा। निश्चित रूप से आगे की राह कठिन है, लेकिन उसका मुकाबला व्यक्तिगत अहंकार व राजनीतिक स्वार्थों को त्यागने से होगा।

# प्राइवेट सिस्टम का खेल: आम आदमी की जेब पर हमला

**भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले ले तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। शिक्षा या व्यापार? प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस आदि। हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाज़ार दर से दोगुना होता है, क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है।**

भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार आज निजी संस्थानों के लिए मुनाफ़े का जरिया बन चुके हैं। प्राइवेट स्कूल सुविधाओं की आड़ में अभिभावकों से मनमाने शुल्क वसूलते हैं। ड्रेस, किताबें, यूनिफॉर्म, कोचिंग...सब कुछ महँगा और अनिवार्य बना दिया गयाहै। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल डर और भ्रम का माहौल बनाकर मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर महंगी जांच, दवाइयाँ और भर्ती का दबाव बनाया जाता है। इन संस्थानों के पीछे कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण है, जिस कारण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। सबसे अधिक संकट में मध्यम वर्ग पर है, जिसे न सरकारी सेवाओं पर भरोसा है, न प्राइवेट सिस्टम से राहत। यह एक चेतावनी है कि यदि जनता ने अब भी आवाज़ नहीं उठाई तो शिक्षा और स्वास्थ्य सिर्फ विशेषाधिकार बनकर रह जाएंगे। भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले ले तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। शिक्षा या व्यापार? प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस आदि। हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाज़ार दर से दोगुना होता है, क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है। दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क और फिर ट्यूशन। ऐसे में बच्चे के लिए खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है ऽ '99% लाओ'। जब ये नंबर नहीं आते तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है। स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का कामअब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा 'कमाई' पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही 'पर्ची' कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ, आईसीयू और 'एडवांस पेमेंट' की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज़ की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं, मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज़ ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है। यहाँ तक कि मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर 'मोर्चरी चार्जेस', 'फ्रीजर चार्जेस' आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है। सरकार की चुप्पी क्यों? इस लूट का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब किसी को छिपकर नहीं करना पड़ता। सब कुछ खुलेआम होता है। अखबार, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, हर जगह यह मुद्दा उठता है। हर साल प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और हॉस्पिटल बिलों पर शोर होता है, लेकिन हर बार यह शोर धीरे-धीरे दबा दिया जाता है। आखिर ऐसा क्यों? क्योंकि अधिकतर प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, इन सबके पीछे किसी ना किसी नेता का हाथ होता है। चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का। सिस्टम में बैठे अधिकतर लोग कहीं ना कहीं इस खेल में हिस्सेदार होते हैं। नियम-कानून बनते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता। आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून), सीजीएचएस (स्वास्थ्य सुविधा योजना), नैशनल मेडिकल काउंसिल ऽ ये सब नाम भर हैं, जिनका प्रयोग प्रचार में होता है, न कि आम आदमी को राहत देने में। मध्यम वर्ग की त्रासदीगरीबों के लिए सरकार कभी-कभी योजनाएँ बना देती है, अमीरों को कोई चिंता नहीं, लेकिन सबसे ज्यादा पिसता है मध्यम वर्ग। न उसे सरकारी स्कूल में भेजना गवारा होता है, न सरकारी अस्पताल में जाना। मजबूरी में वह प्राइवेट विकल्प चुनता है और फिर उसी जाल में फँस जाता है। एक ऐसा जाल जिसमें न कोई नियंत्रण है, न कोई जवाबदेही। मध्यम वर्ग न तो सड़क पर उतरता है, न ही आंदोलन करता है। वह हर महीने अपनी जेब काटकर ईएमआई देता है, स्कूल की फीस चुकाता है, हॉस्पिटल के बिल भरता है। बस यही सोचता है ळऔर कोई रास्ता भी तो नहीं है। समाधान की संभावनाएँअगर वास्तव में इस समस्या से निपटना है तो कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। निजी संस्थानों की पारदर्शिता, स्कूलों और अस्पतालों को अपने शुल्क और सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक रूप से वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर लगानी चाहिए। एक स्वतंत्र नियामक संस्था होनी चाहिए जो फीस और सेवा की गुणवत्ता की निगरानी करे। एक ऐसी प्रणाली जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसका समाधान समयबद्ध तरीके से हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या उनके परिवार का हित इन संस्थानों से ना जुड़ा हो। जब तक आम जनता एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक यह लूट का सिलसिला चलता रहेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य कोई 'सेवा' नहीं रह गई है। यह अब एक 'सर्विस' है, जिसका मूल्य तय होता है आपकी जेब देखकर। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील और लोकतांत्रिक समाज के लिए शर्मनाक है। जब तक हम खुद नहीं जागेंगे, आवाज नहीं उठाएंगे, और सिस्टम से जवाबदेही नहीं माँगेंगे। तब तक यह प्राइवेट सिस्टम हमें ऐसे ही लूटता रहेग। हमें यह भी समझना होगा कि दिखावे की दौड़ में शामिल होकर हम अपने बच्चों का बचपन, अपने परिवार की शांति और अपने भविष्य की स्थिरता दाँव पर लगा रहे हैं। यह समय है सवाल पूछने का, व्यवस्था को आईना दिखाने का, वरना जेब तो जाएगी ही, आत्मसम्मान भी खो जाएगा।(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। **-डॉ सत्यवान सौरभ**



# डिजिटल दुनिया का मानसिक बोझः जब स्टेटस छीनने लगे चैन

प्रियंका सौरभ

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। स्टेटस, प्रोफाइल और पोस्ट के ज़रिये लोग अपनी ज़िंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं, जिससे दूसरों में असंतोष, ईर्ष्या और आत्म-संदेह पैदा होता है। यह तुलना और जिज्ञासा धीरे-धीरे मानसिक अशांति का कारण बन जाती है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में अनुशासन अपनाना ज़रूरी है, जैसे सीमित समय देना, जरूरी चीजें ही देखना और अपनी निजी सीमाएं तय करना। मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स, आत्मचिंतन और वास्तविक जीवन के अनुभवों पर ध्यान देने की ज़रूरत है। चैन और शांति बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन और सोच से मिलती है। सोशल मीडिया एक उपकरण है, इसका इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो यह जोड़ता है, वरना तोड़ भी सकता है। आज का युग तकनीक और सूचना का युग है। हम एक क्लिक में दुनिया की हर खबर, हर चेहरे और हर भावना से जुड़ जाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और यहाँ तक कि अजनबियों की ज़िंदगियों का हिस्सा भी बनते जा रहे हैं। यह सुनने में जितना सुखद लगता है, असलियत में उतना ही बोझिल और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है। अब सवाल पैदा होता है कि सोशल मीडिया जुड़ाव या जाल? जब फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म बने थे, तो उद्देश्य था कि लोगों को जोड़ना, संवाद बढ़ाना और दुनिया को करीब लाना। लेकिन धीरे-धीरे यह जुड़ाव एक आभासी होड़ में बदल गया। अब पोस्ट, स्टेटस और प्रोफाइल पिक्चर के पीछे छिपा होता है एक दिखावे का संसार। हम अपने जीवन के सबसे सुंदर पल ही दूसरों को दिखाते हैं, जैसे हँसी, सैर, सफलता, रिश्ते। लेकिन दुख, तनाव, विफलता, अकेलापन, यह सब छिपा लेते हैं। दिक्कत तब शुरू होती है जब एक आम व्यक्ति, जो एक सामान्य ज़िंदगी जी रहा है, इन 'परफ़ेक्ट ज़िंदगी' वाले स्टेटस और पोस्ट्स को देखकर अपने जीवन को छोटा, अधूरा और असफल समझने लगता है। वह तुलना करने लगता है ऽ 'उसे इतनी सफलता मिल रही है, मैं कहाँ हूँ?' 'वो घूमने गया, मेरे पास तो वक्त भी नहीं है।' 'उसकी लाइफ कितनी परफ़ेक्ट है, मेरी क्यों नहीं?' यही तुलना धीरे-धीरे मानसिक तनाव, ईर्ष्या, आत्म-संदेह और यहां तक कि अवसाद (डिप्रेशन) का कारण बन जाती है। सुख की चोरीः दूर बैठा इंसान भी छीन सकता है चैनयह एक कड़वी सच्चाई है कि आज कोई इंसान आपको बिना एक शब्द बोले, बिना संपर्क किए, सिर्फ एक स्टेटस लगाकर आपकी नींद उड़ा सकता है। लोग अपनी ज़िंदगी के सबसे चमकदार हिस्से पोस्ट करते हैं, जिससे दूसरों को लगता है कि वो हमेशा खुश हैं। यह आभासी दिखावा हमारे मन को बेचैन कर देता है। हमें लगता है कि हम कुछ पीछे रह गए हैं, हम 'अपर्याप्त' हैं। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं जो जानबूझकर स्टेटस, फोटो या स्टोरी इस अंदाज़ में लगाते हैं कि दूसरों को चुभे। यह डिजिटल दुनिया का 'पैसिव एग्रेसन' है, जहाँ न तो कोई सीधे कुछ कहता है, न ही सीधे हमला करता है ऽ लेकिन फिर भी मन में गहराई तक असर करता है। जिज्ञासा या आत्म-प्रवंचना?हमें अक्सर आदत हो जाती है, हर रोज़ चेक करना कि किसने क्या पोस्ट किया, किसकी ज़िंदगी में क्या चल रहा है, कौन कहाँ घूम रहा है, किसकी शादी हुई, किसको प्रमोशन मिला। यह जिज्ञासा धीरे-धीरे एक व्यसन बन जाती है । एक ऐसा नशा जो हमारी मानसिक ऊर्जा को चूसने लगता है। हम हर किसी की प्रोफाइल में झाँकते हैं, उनके फॉलोअर्स गिनते हैं, उनके रिश्तों का अंदाज़ा लगाते हैं और कई बार बिना ज़रूरत के अपने मन को अशांत करते हैं। यह आदत न तो हमें कोई ज्ञान देती है, न कोई वास्तविक खुशी । उल्टा हमारी आत्म-संतुष्टि को मार देती है। मन की शांति के लिए डिजिटल अनुशासन ज़रूरीइस समय सबसे बड़ा आत्म-संयम यही है कि हम सोशल मीडिया का प्रयोग एक मर्यादा में करें। ज़रूरत है कि हम 'डिजिटल डिटॉक्स' को अपनाएँ, यानी एक तय समय पर फोन, सोशल मीडिया ऐप्स से दूरी बनाएँ। अपने लिए कुछ नियम बनाएं। सुबह उठते ही सबसे पहले सोशल मीडिया चेक न करें। दिन में सिर्फ 2 या 3 बार ही सोशल मीडिया ओपन करें। स्टेटस, प्रोफाइल या पोस्ट देखकर प्रतिक्रिया देने से पहले सोचें- क्या ये जानकारी मेरे लिए ज़रूरी है? हर बार दूसरों से तुलना करने की बजाय, अपने छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करें।

## सेहत मंत्र

# इम्यून सिस्टम को बनाना है स्ट्रॉन्ग तो काढ़े का सेवन है बेहद फायदेमंद

पहले के जमाने में दादी और नानी मां जरा सी छींक या खांसी होने पर तुरंत काढा पीने की सलाह देती थी। हालांकि काढ़े का स्वाद हर किसी को पसंद नहीं आता खासतौर से बच्चों को, लेकिन ये बहुत ही फायदेमंद होता है। क्योंकि इसमें मौजूद मसाले अलग-अलग तरह के न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं जो हमें रखते हैं चुस्त-दुरुस्त। ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं कि काढ़े का सेवन बीमार होने पर ही किया जाए। स्वस्थ बने रहने के लिए आप रोजाना भी इसका सेवन कर सकते हैं। काढ़ा महज खांसी, जुकाम और गले में हो रहे दर्द से ही राहत नहीं दिलाता बल्कि ये आपकी इम्यूनिटी को भी स्ट्रॉन्ग बनाने का काम करता है। जिससे बीमारियों के होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करना चाहते हैं तो रोजाना एक कप काढ़ा पीना शुरू करें और फर्क महसूस करें। इसमें मौजूद मसाले हर तरह से बॉडी के लिए फायदेमंद हैं। अगर आपका पेट खराब रहता है या कब्ज वगैरह की प्रॉब्लम से परेशान रहते हैं तो चाय-कॉफी की जगह काढ़ा पीना शुरू करें। अदरक- एक छोटा टुकड़ा, दालचीनी- एक छोटा टुकड़ा, लौंग-दो, तुलसी के पत्ते- 5-7, काली मिर्च- तीन, घी- एक चम्मच, नमक- स्वादानुसार, पानी- दो कप। एक बर्तन में दो कप पानी लेकर उसे गरम करें। इसके बाद इसमें तुलसी के पत्ते डालकर थोड़ी देर ब्वॉयल करें। अब इसमें अदरक, दालचीनी, काली मिर्च, लौंग और अजवायन को कूटकर डाल दें। कम से कम पांच मिनट तक इसे उबालें या जब तक पानी एक कप के बराबर न रह जाए। अब इसमें हल्का सा नमक और घी मिक्स कर लें। तैयार है काढ़ा। इसे गरमा-गरम ही सर्व करें।

## धर्म मंत्र

# चमत्कारी त्रिनेत्र गणेश मंदिर की सच्ची कहानी, यहां स्वयंभू प्रकट हुई थी प्रतिमा

राजस्थान के सवाई माधोपुर में गणेश जी का चमत्कारी मंदिर हैं, यहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हुई थी। रणथम्भौर के दुर्ग के अंदर त्रिनेत्र गणेश मंदिर कई बातों में अनूठा और चमत्कारिक मंदिर है। कहा जाता है कि यहां पहली त्रिनेत्र गणेश प्रतिमा के रुप में भगवान गणेश स्वयं विराजमान है। भगवान गणेश मंदिर में अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान है, दो पत्नी- रिद्दि और सिद्दि, दो पुत्र- शुभ और लाभ के साथ भगवान विराजमान हैं। मंदिर के बारे में सबसे खास बात है, यहां देश-दुनिया से आने वाले पत्र। कई जगहों से भक्त भगवान को पत्र लिखकर समस्याएं बताते हैं और उनका हल भगवान चुटकियों में कर देते हैं। वहीं भगवान को भक्त निमंत्रण-आमंत्रण पत्र भी भेजते हैं। भक्तों के घर परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य होने पर भगवान त्रिनेत्र गणेश जी को सबसे पहले याद किया जाता है। त्रिनेत्र गणेश मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद जरुर पुरी होती है। मंदिर के नाम और पते त्रिनेत्र गणेश मंदिर, रणथम्भौर दुर्ग, सवाई माधोपुर, राजस्थान के साथ पिन कोड नंबर 322021 लिखने पर यहां पत्र पहुंच जाता है। इस मंदिर के बारे में रामायण में भी उल्लेख मिलता है। रामायण काल और द्वापर युग में भी यह मंदिर था। कहा जाता है कि भगवान राम ने लंका की और कूच करते समय भगवान त्रिनेत्र गणेश जी का अभिषेक इसी रुप में किया था। इसी तरह की और भी सच्ची कहानियां इस मंदिर के बारे में आज भी कही सुनी जाती है।

## पर्यटन



# छुट्टियां हैं कम और चाहिए गर्मी से राहत तो 'मिनी शिमला' है परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन

प्रकृति ने शिवपुरी को कुछ ऐसी हरियाली से नवाजा है कि भीषण गर्मी में भी आपको वहां खूब सुकून मिलता है। यही कारण है कि ग्वालियर चंबल संभाग में शिवपुरी को 'मिनी शिमला' का नाम दिया गया। घने जंगल, हरे-भरे पेड़, पहाड़ और नदियों की वजह से रियासत काल में ग्वालियर के सिंधिया राजवंश ने शिवपुरी को अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया। शिवपुरी की खूबसूरती देखते ही बनती है। समुद्र तल से अधिकतम 752 मीटर की ऊंचाई और दो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शिवपुरी का वातावरण भी खास है। शिवपुरी का पत्थर ऐसिड प्रूफ होने के कारण विदेशों की इमारतों में भी नजर आता है। शिवपुरी का नाम प्रदेश के पर्यटन पटल पर पर्यटन नगरी के रूप में सुशोभित है। प्रकृति और पुरातत्व का वैभव शिवपुरी का माधव राष्ट्रीय उद्यान पर्वत श्रेणियों, सुरम्य घाटियों, झीलों, झरनों और खोह को समेटे हुए है। यह उद्यान अपने आप में अनूठा है। वन्य प्राणियों और हरियाली से आच्छादित यह उद्यान 355-276 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां सन 1919 में तैयार सांख्यसागर चांदपाठा झील है, जिसमें वोटिंग का लुत्फ पर्यटक उठा सकते हैं। यहां सेलिंग क्लब और बारहदरी भी पर्यटकों का मन मोह लेता है इतना ही नहीं यहां पर्यटकों के रूकने के लिए भी सूट बनाए गए हैं जिससे पर्यटक प्राकृतिक और मनोहारी दृश्य में रहकर पर्यटन का लुत्फ उठा सकते हैं। शहर में स्थित ताजमहल सी खूबसूरत सिंधिया राजवंश की संगमरमरी छत्रियां मां बेटे के प्रेम की अनूठी मिसाल हैं, जो देखते ही बनती हैं। रात को जगमग प्रकाश में ये खिल उठती हैं। स्वर्गीय माधवराव प्रथम ने अपनी मां की याद में छत्री का निर्माण कराया था और उसके बाद उनकी इच्छा थी कि जब उनकी मृत्यु हो तब उनकी छत्री भी उनकी मां की छत्री के ठीक सामने इस तरह से स्थापित की जाएं कि वह उनकी मां के दर्शन कर सकें। यहीं कारण हैं कि मां बेटे की छत्रियों को इस तरह से बनाया गया है कि एक छत्री से दूसरी छत्री को साफ देखा जा सकता है।

# आयोग सदस्य अंजू ने सुना पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने बुधवार को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व दहेज संबंधी आठ मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

मसौली प्रतिनिधि ने बताया कि मसौली ब्लॉक सभागार में आयोग सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार कोई भी महिला व बालिका महिला जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निदान पा सकती है। महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से ही महिला जनसुनवाई की जा रही है। उत्पीड़न संबंधी किसी भी समस्या का त्वरित निदान के लिए संबंधित महिला एवं बालिका उप्र राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप नंबर 6306511708 व आयोग



के ईमेल पर प्रार्थना पत्र भेजकर निदान व निस्तारण करा सकती हैं। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत बांसा की एक किशोरी ने दबँगो द्वारा घुस कर मारने पीटने की. शिकायत की घटना मे पुलिस कार्यवाही की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए मौक़े पर मौजूद उपनिरीक्षक राकेश यादव को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिये। इससे पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने स्वास्थ्य एव बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का जायजा लिया जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह के शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया । जिला प्रोवेशन अधिकारी पल्ल्वी सिंह जनहित में चल रहे टोल फ्री नंबर 181,1090, 1098, 102 व 108 की जानकारी साझा करते हुए महिलाओं द्वारा उत्पीड़न का शिकार होने पर उनकी सहायता में तत्पर वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष, निराश्रित विधवा पेंशन सीएम कन्या सुमंगला योजना, उप्र बाल सेवा योजना की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनना होगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। इस मौक़े पर सीडीपीओ सिटी अनिल वर्मा महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, चौकी प्रभारी कस्बा राहुल शर्मा सहित क्षेत्र की भारी संख्या में महिलाए मौजूद रही। इसके पश्चात थाना मसौली पहुंची महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने महिला हेल्प डेक्स का जायजा लिया।

## पेय जलापूर्ति संकट निदान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित



एजेंसी

निंदूरा बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के दिशानर्देशन में ग्रीष्म ॠतु और लू के दृष्टिगत जनमानस को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए विकासखंड प्रांगण में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि विकासखंड प्रांगण में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें दूरभाष नंबर 9161697066 जारी किया गया हैं जिसपर पर ग्राम पंचायत में इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत और रीबोर से संबंधित जो भी शिकायतें आयेंगी, उन्हें तत्काल ग्राम पंचायत सचिवों को स्थानांतरित करने के साथ ही मुझे भी बताया जाएगा, ताकि ग्रीष्म ॠतु में किसी को भी शुद्ध पेयजल की दिक्कत ना हो और सामान्य समस्या 24 से 48 घंटे में दूर की जाएगी।

## हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान प्रभातफ़ेरी, बीडीओ ने दिखाया झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य मे बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित प्रभातफ़ेरी निकली।ब्लाक स्तरीय रैली को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने झंडी दिखाकर रवाना किया इसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीआरसी केन्द्र् बड़ागांव से निकली संविधान प्रभात रैली ग्राम पंचायत की विभिन्न गलियों से होता हुआ डा. भीम राव अम्बेडकर पार्क मे समाप्त हुआ। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सहित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव व

खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने अपने विचार रखे। शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित हमारा सविधान हमारा स्वाभिमान संगोष्ठी को सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, संजय श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, तकनीकी सहायक अजय वर्मा, संदीप कुमार पाल, उपनिरीक्षक शिवकुमार सहित ग्रामीण, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## बच्चों के ऊपरी आहार में विविधता आवश्यक : डॉ. राजेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर द्वारा भारत सरकार के निर्देश क्रम में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक 'पोषण पखवाड़ा' आहुत है। पखवाड़ा क तहत डॉ वीनम यादव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के आदेश अनुपालन क्रम में डॉ राजेश कुमार चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर द्वारा प्राथमिक विद्यालय पूरेमोती में *शिशु एवं छोटे बच्चों से संबंधित* थीम पर बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी एवं साफ सफाई के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ऊपरी आहार में विविधता के लिए जागरूक भी किया गया।जिसमें माँ के दूध के अलावा, बच्चे को अलग-अलग प्रकार के खाद्य पदार्थ खिलाना ताकि उसे सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें।



इसका मतलब है कि बच्चे को सिर्फ एक ही प्रकार का भोजन न खिलाया जाए, बल्कि विभिन्न खाद्य समूहों से लिए गए खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाए। और खेल के माध्यम से पोषण की आवश्यकता को आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को जानकारी दी गई । जिसमें कुल 23 बच्चों का वजन माप कर कुपोषित एवं अस्वस्थ्य बच्चों को निशुल्क औषधियां वितरित की गईं। इस अवसर पर स्टाफ नर्स दीपिका पाठक एवं शैलजा चौधरी तथा भृत्य रामदास आदि मौजूद रहे।

## निजाम बदले, मजाक बन गया सिद्धौर का ब्लाक दिवस ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। कहते हैं जब निजाम बदलते है, तो कुछ बेहतर होने की उम्मीद रहती है, लेकिन सिद्धौर विकासखंड की स्थिति इससे उलट नजर आ रही है। पूर्व में खंड विकास अधिकारी रहीं एसडीएम सुश्री पूजा गुप्ता के तबादले के बाद जैसे सिद्धौर ब्लॉक की व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई हैं । एसडीएम पूजा गुप्ता के कार्यकाल में ब्लॉक दिवस जनता की समस्याओं के समाधान का माध्यम हुआ करता था, जहां वे खुद लोगों की बात सुनतीं और तत्काल कार्यवाही करती थीं । कोई भी फरियादी उनके पास अपनी शिकायत लेकर आता तो उसे न्याय मिलता ये हम नहीं कहे रहे सिद्धौर की जनता की जुबानी है । प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पूजा को कुंभ मेला भेजा गया था जिसके बाद यहां बनीकोडर बीडीओ को सिद्धौर का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया जिसके बाद से केवल सरकारी कार्य प्रभावित नहीं हो रहे है बाकी जनता से अफसर संवाद स्थापित नहीं कर पा रहे है ब्लाक दिवस केवल औपचारिकता बन कर रह गया है। बुधवार को सिद्धौर ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित ब्लॉक दिवस की




### सिद्धौर में ब्लॉक दिवस का आयोजन, व्यवस्था पर उठे सवाल

### एसडीएम सुश्री पूजा के कार्यकाल को याद कर रहे फरियादी , उनके समय में नहीं लगाने पड़ते थे ब्लाक के चक्कर

अध्यक्षता एडीओ आईएसबी राधेश्याम ने की। इस दौरान कुल तीन शिकायत पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, दीपक कुमार, संजय चौधरी, रवि अवस्थी, रवींद्र कुमार, पुनीत कुमार, उत्तम कुमार, सचिन अवस्थी, रेखा चौधरी, गीता वर्मा और सुषमा अवस्थी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने जनसेवा केंद्र एव सीएचसी की विजिट की

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वात्सल्य संस्था के तत्वावधान मे बुधवार को किशोरियों की एक्सपोजर विजिट करायी गयी इस दौरान संस्था के सदस्यों ने किशोरियो को यूनियन बैंक, जनसेवा केंद्र एव सीएचसी की विजिट कराई गयी। यूनियन बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक शिवम गुप्ता बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर भावना राणा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव से रीना श्रीवास्तव एवं जनसेवा केंद्र जतिन कुमार द्वारा बैंक से संबंधित, स्वास्थ्य से संबंधित, पोषाहार से संबंधित एवं ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी किशोरियों को दी गयी। वात्सल्य संस्था के परियोजना प्रबंधक भुआल सिंह की अगुवाई में कुल 32 किशोरियों को एक्सपोजर विजिट कराई गई जिसमें ट्रेनर नीलिमा गुप्ता ब्लॉक समन्वयक महेंद्र कश्यप एवं शोभिका मिश्रा, सीमा वर्मा, कमलेश एवं अनूप की उपस्थिति मे पांच किशोरियों को टी .डी. का टीका लगा।

## अवैध अतिक्रमण

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर के निमतियापुर में बुधवार को जेसीबी से अवैध अतिक्रमण हटवा कर प्रशासन द्वारा जल निकासी हेतु नाले की खुदाई कराई गई। जानकारी के अनुसार निमतियापुर में चंद्र प्रकाश के घर के पास नाले व रास्ते पर रहे अवैध अतिक्रमण को नगर प्रशासन ,पीडब्ल्यूडी व राजस्व विभाग की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण हटवा कर जल निकासी हेतु नाले की खुदाई कराई गई।इस मौके पर नगर पंचायत सिद्धौर के अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी , लिपिक श्रीश मिश्रा, नगर लेखपाल आनंद प्रकाश ,पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई, व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों जिलाधिकारी ने लिया जायजा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लेने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी बुधवार को पहुंचे। उन्होंने सनांवा घाट के कहारन पुरवा में चल रहे ड्रेजिंग कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी के साथ बाढ़ खंड के अधिशाषी अभियंता एस के सिंह और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खंड वाराणसी के मैकेनिकल विभाग से सूर्यभूषण राय भी निरीक्षण में शामिल हुए। अधिकारियों ने 0 से 3 किलोमीटर के क्षेत्र में चल रहे कार्यों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने ड्रेजिंग कार्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। साथ ही निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रीति सिंह, बीडीओ अदिति श्रीवास्तव, एसडीएम राम सनेही घाट और थाना प्रभारी टिकैत नगर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आंदोलन के तैयारी में सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के जिला कार्यालय में आज हुई बैठक में सरकारी नीति रीति के खिलाफ महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।वित्त विधेयक-2025' के माध्यम से कानून बनाकर पेंशनर्स समाज को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने, महगाई राहत की किस्त अभी तक जारी न करने एवं एनपीएस, यूपीएस, और ओपीएस के द्वारा पेंशनर्स को विभिन्न वर्गों में बांटकर पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आन्दोलन को कमजोर करने की सरकारी नीति के खिलाफ आगामी 22 अप्रैल को जिले के पेंशनर्स गन्ना कार्यालय परिसर में धरना देंगे, एवं जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजेंगे। सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा पेंशनर्स समाज के हितों की अनदेखी करने एवं लगातार सुविधाओं में कटौती किये जाने से पेंशनर्स समाज में हतासा है, और उनमें आक्रोश फैल रहा है। अपना ये आक्रोश पेंशनर्स समाज 22 अप्रैल को गन्ना कार्यालय परिषर में विशाल धरना देकर प्रकट करेगा। इस अवसर पर श्रीमती मुन्नी सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, मधुकर खरे, अशोक सोनी, सर्वजीत यादव, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, रामगोपाल चौधरी, शकुन्तला मिश्रा आदि ने प्रमुख रूप से अपने विचार रखे।

## नवागत छात्रों का स्वागत भावभीनी विदाई

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपीएस गंगवाई पठनान में समारोह आयोजित कर सत्र 2024-25 में कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को विदाई दी गई।तथा नवीन नामांकित छात्र /छात्राओं का विद्यालय स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठ के बच्चों को शिक्षकों द्वारा उपहार प्रदान किये गए।तथा सभी छात्र /छात्राओं को स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। हंसराज वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद से नवाजा गया । एवम विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो0अख्तर द्वारा सभी बच्चों को आने वाले जीवन एवम चुनोतियों पर विस्तृत प्रकाश डालकर बच्चों को आश्वासन दिया कि विद्यालय परिवार सभी बच्चों के साथ हर परिस्थिति में साथ रहेगा।

## पीएम जन औषधि योजना, ग्रामीणों अंचलों में दस्तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### अंगद ने सतरिख में किया शुभारंभ

बाराबंकी। जिला मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर कस्बा सतरिख में नए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का एम एल सी अंगद सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस जन औषधि केंद्र के संचालक आदर्श प्रताप सिंह,सचिन प्रताप सिंह ने बताया कि छेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री योजना की सस्ती दवाएं आसानी से मिल सकेंगी। एम एल सी अंगद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिनमें से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र एक महत्त्व पूर्ण योजना है,इस योजना का केन्द्र सतरिख में खुल जाने से कम आय के लोग भी आसानी से सस्ती दवाएं लेकर उपचार प्राप्त कर



अपने को निरोगी रख सकेंगे। इस अवसर पर सह विभाग प्रचारक अमरजीत,जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी,राम बहादुर सिंह,यज्ञेश सिंह,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह,सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सतरिख के अधीक्षक नीतीश कुमार सिंह,रेहान कामिल चेयरमैन आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला व उसके बच्चों की पिटाई मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला मोहल्ला फुलबड़िया की रहने वाली अन्नो पत्नी आरिफ ने वुधवार एक बजे बताया। कि वुधवार समय लगभग 12 बजे फूल मियां, शोयब और छम्मन खा निवासी मोहल्ला ऊचांपुर शेरपुर कला अपने हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में घुसकर महिला और उसके बच्चों की बेहरमी से पिटाई कर दी। पीड़िता के पति आरिफ को टेम्पो स्टैंड पर जाकर बेहरमी से पीट दिया। घायल दंपति ने मामले में कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत हैदरगढ़ में निकाली गई जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### ब्लाक मुख्यालय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन, संविधान पर हुई चर्चा

हैदरगढ़, बाराबंकी। ‏हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान‏ अभियान के तहत बुधवार को हैदरगढ़ कस्बे में एक जागरूकता रैली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व उपजिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने किया। तहसील और विकास खंड प्रशासन के संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सुबह कस्बा क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। रैली में संविधान के महत्व और नागरिकों के अधिकारों को लेकर नारे लगाए गए और हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियाँ लेकर लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। उपजिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने रैली को हरी झंडी दिखाकर



रवाना किया और उपस्थित लोगों को संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई।

रैली के उपरांत विकास खंड मुख्यालय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने संविधान विषयक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में संविधान की मूल भावना, नागरिक अधिकार और कर्तव्य, लोकतंत्र की मजबूती जैसे विषयों पर जोरदार तर्क-वितर्क हुआ।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी पवन कुमार ने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी संरचना और आज के सामाजिक परिवेश में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और मजबूत लोकतांत्रिक दस्तावेज है, जो हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में, खंड विकास अधिकारी, शिक्षकों, छात्रों और आम नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में संविधान की गरिमा को बनाए रखने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया।

इस प्रकार यह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिक आयोजन रहा, बल्कि यह लोगों को संविधान की भावना से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ। इस दौरान खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता , प्रभारी एडीओ अखिलेश दूबे , खंड शिक्षाधिकारी , विंदराज यादव , अजय यादव , ज्ञान प्रकाश सिन्हा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर रहेगी निगाह

एजेंसी

मुंबई। अभी तक आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को यहां बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं जिसके कारण उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज माना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने वापसी मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बुमराह की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एक नहीं चली और उन्होंने 44 रन लुटाए। बुमराह को अपनी यार्कर पर नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस मैच में दिल्ली




के बल्लेबाज करुण नायर ने उन्हें अपने निशाने पर रखा था। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। रोहित अभी तक पांच मैच में 11.20 की औसत से केवल 56 रन बना पाए हैं। मुंबई अभी तक केवल दो मैच जीत पाया है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसकी बल्लेबाजी कुछ हद तक सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पर निर्भर रही है और अगर टीम को अपनी स्थिति में सुधार करना है तो रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी। रोहित ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करना पड़ा है। इसे देखते हुए सनराइजर्स जयदेव उनादकट को अपने अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। सूर्यकुमार अभी तक अपना निर्मम रवैया नहीं अपना पाए हैं लेकिन तिलक वर्मा ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ रिटायर्ड आउट दिए जाने के बाद अपने खेल में सुधार किया है। इसके बाद उन्होंने अगले दो मैच में 29 गेंद पर 56 और 33 गेंद पर 59 रन बनाए। मुंबई के लिए नमन धीर का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा जिन्हें डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करने की भूमिका सौंपी गई है। मुंबई अगर दिल्ली के खिलाफ जीत दर्ज कर पाया तो इसमें उसकी शानदार फील्डिंग का अहम योगदान रहा। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा होगा। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो उसकी टीम भी संघर्ष कर रही है। उसने भी अभी तक दो मैच जीते हैं लेकिन मुंबई का नेट रन रेट उससे बेहतर है।

# जांच में नहीं पास हुआ नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला

एजेंसी

मुल्लांपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गये मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फ़ेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए। वहीं रघुवंशी केकेआर की ओर से 28 गेंदों में 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। केकेआर की ओर से नॉटर्जे अंतिम





बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे उसे वापिस भेज दिया गया क्योंकि टीवी कॉमेंटेटर्स के अनुसार अंपायर्स मोहित कृष्णदास और साईदर्शन कुमार की जांच में उनका बल्ला फ़ेल हो गया। यह घटना 16वें ओवर में हुई, इसके बाद सब्सिट्यूट रहमानउल्लाह गुरबाज नॉटर्जे के लिए अतिरिक्त बल्ले लेकर आएं। हालांकि वह इस बल्ले से एक भी गेंद नहीं खेल पाये स्ट्राइक पर खड़े आंद्रे रसल अगली ही गेंद पर बोल्ड आउट हो गये। उल्लेखनीय है कि नियमों के अनुसार किसी भी बल्ले की चौड़ाई 10.79 सेमी, मोटाई 6.7 सेमी, किनारे की चौड़ाई चार सेमी तथा लंबाई 96.4 सेमी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# सुरुचि ने स्वर्ण, मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी

लीमा। भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने मंगलवार को पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

सुरुचि सिंह ने मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243.6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

पिछले वर्ष नई दिल्ली में शूटिंग नेशनल्स में सात स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में फाइनल में 244.6 का स्कोर बनाकर पहला विश्व कप पदक अपने नाम किया।

सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक भी जीता था।578 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कुल 219.1 अंक हासिल कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतिस्पर्धा में चीन के हू काई ने स्वर्ण और ब्राजील के फ़ेलिप अल्मेडा वू ने रजत पदक मिला।

# कोच और कप्तान ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीतने पर खुशी जताई

एजेंसी

झांसी। हॉकी पंजाब के कोच राजिंदर सिंह और कप्तान हार्दिक सिंह ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीतने पर खुशी जताई है। कोच राजिंदर सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा और हमने बढ़िया प्रदर्शन किया। कप्तान हार्दिक ने कहा कि फाइनल में लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम जीत से बेहद खुश हैं। हॉकी पंजाब ने मंगलवार रात उत्तर प्रदेश के झांसी में हुए फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर प्रतिष्ठित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता। हॉकी पंजाब ने 2023 में यह टूर्नामेंट जीता था। पिछले संस्करण में वे हॉकी महाराष्ट्र से क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे। इस बार



कप्तान हार्दिक सिंह और कोच राजिंदर सिंह की अगुआई में हॉकी पंजाब ने फिर से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। हॉकी पंजाब को पूल चरण में हॉकी मध्य प्रदेश से अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा था लेकिन फाइनल में अपनी गलतियों को सुधारते हुए हॉकी मध्य प्रदेश को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। क्वार्टर फाइनल में टीम ने हॉकी हरियाणा पर 3-2 से जीत हासिल की। उसके बाद सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश हॉकी के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की था। टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए पंजाब टीम के कोच राजिंदर सिंह ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा और हमने कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया। हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ हार हमारे लिए वाकई एक अहम मोड़ थी। हम जानते थे कि हम एक मजबूत टीम हैं, लेकिन उस हार के बाद हमने फिर से एकजुट होकर सुनिश्चित किया कि हम बाकी मैचों को हल्के में न लें। फाइनल में हॉकी पंजाब ने पहले एक गोल खाया, लेकिन दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। फाइनल के बाद कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि योजना शुरू से ही आक्रामक होने की थी और लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि मुझे लगता है कि हमने कुछ मौके गंवाए, लेकिन हम जीत से बेहद खुश हैं। घरेलू सर्किट में प्रदर्शन करना हमेशा शानदार होता है। कुल मिलाकर प्रतियोगिता अच्छी थी और स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा लग रहा है।

## गुइरासी की हैट्रिक बेकार गई, बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

डॉर्टमुंड (जर्मनी)। सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की। यह स्पेनिश क्लब की पिछले साल दिसंबर के बाद किसी भी तरह की प्रतियोगिता में यह पहली हार थी। इसके बावजूद बर्सिलोना 5-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। बार्सिलोना ने क्वार्टर फ़ाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मंगलवार को खेले गए मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया।

# जीईएम के जरिए 2024-25 में 1.3 करोड़ से अधिक लोगों को मिला बीमा कवरेज

**जीईएम ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10 लाख लोगों को रोजगार की सुविधा दी**

एजेंसी

GeM®
Government
e Marketplace

नई दिल्ली। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने 1.3 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को स्वास्थ्य, जीवन और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसियों को कवर करने वाली बीमा सुविधा प्रदान की है। इस दौरान जीईएम के जरिए 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार की सुविधा भी प्रदान की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक खरीद के लिए भारत के सबसे बड़े एवं प्रमुख सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान जीईएम के जरिए 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ 1.3 करोड़ से ज्यादा व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य, जीवन और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवरेज सुनिश्चित किया गया, जो सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। मंत्रालय के मुताबिक जनवरी, 2022 में आरंभ की गई बीमा सेवाओं की श्रेणी का उद्देश्य सरकारी खरीद प्रणाली में बीमा सेवाओं को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और लागत-कुशल बनाना रहा है। जीईएम पर केवल भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाताओं को सूचीबद्ध किया जाता है। इसके जरिए सरकारी संस्थान अब ग्रुप मेडिक्लेम, टर्म इंश्योरेंस और पर्सनल एक्सीडेंट कवरेज जैसी बीमा सेवाओं को सीधे और सरल प्रक्रियाओं के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। इससे क्रय प्रक्रियाओं में सहजता, प्रीमियम लागत में कमी और समयबद्ध सेवा वितरण संभव हुआ है। जीईएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय भादू ने इस उपलब्धि पर कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने और सरकारी खरीदारों के लिए सहज, सुरक्षित और पारदर्शी खरीद प्रणाली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन?होंने कहा कि 1.3 करोड़ से अधिक लोगों को बीमा कवरेज प्रदान करने का यह आंकड़ा दर्शाता है कि सरकारी संस्थान, जीईएम को न केवल खरीद के लिए, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक प्रभावशाली माध्यम के रूप में भी अपना रहे हैं। यह एकीकृत प्लेटफार्म सरकारी खरीदारों को विविध जरूरतों के अनुसार बीमा सेवाएं उपलब्ध कराता है, जिससे प्रवेश की सरलता, लागत में पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो रहा है।

## अमेरिकी शुल्क से कर्ज की स्थिति कमजोर होगी, चूक का जोखिम बढ़ेगा: मूडीज

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से कर्ज की स्थिति कमजोर होगी और खासकर कम रेटिंग वाली कंपनियों के लिए चूक का जोखिम बढ़ेगा। इसमें कहा गया है कि अप्रत्याशित अमेरिकी व्यापार नीति से वैश्विक ऋण की स्थिति खराब होगी और इसके व्यापक आर्थिक प्रभाव से वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ेगी तथा मंदी की आशंका बढ़ेगी। मूडीज रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, शुल्क से सबसे ज्यादा जोखिम गैर-वित्तीय कॉरपोरेट क्षेत्रों को है। कम रेटिंग वाली कंपनियां ऋण बाजारों पर अपनी निर्भरता से प्रभावित होंगी। ज्यादातर बैंकों और संप्रभु देशों के लिए जोखिम, आर्थिक कमजोरी के जरिये अप्रत्यक्ष हैं। अमेरिकी प्रशासन ने नौ अप्रैल को अधिकांश जवाबी शुल्क के कार्यान्वयन पर 90 दिन की रोक लगा दी। हालांकि, इन देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा। अमेरिका ने चीन से आयातित अधिकांश वस्तुओं पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया था।

# संक्षिप्त समाचार

## एस्टन विला की शानदार वापसी के बावजूद पीएसजी सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम।** एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) इस इंग्लिश क्लब को 5S4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने मंगलवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली। विला ने हाफटाइम से पहले यूरी टाईलेमैन्स के गोल से वापसी की जबकि दूसरे हाफ के शुरू में जॉन मैकगिन और एज़्री कोन्सा ने दो मिनट के अंतराल में गोल करके उसकी उम्मीद जगा दी। केवल पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने इसके बाद शानदार बचाव करके विला को चौथा गोल करने से रोक दिया। इससे पहले लिवरपूल को हराने वाले पीएसजी का अगला मुकाबला एक अन्य इंग्लिश क्लब आर्सेनल में हो सकता है, जो पहले चरण से रियाल मैड्रिड से 3-0 से आगे है।

## कुछ उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रक आदेश एमएसएमई के लिए लागत बढ़ाने वाले : बेरी

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कुछ उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) लाने को लेकर अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा है कि यह आयात को प्रतिबंधित करने के लिए 'नुकसानदायक हस्तक्षेप' है और इससे सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए लागत बढ़ती है। बेरी ने मंगलवार को 'भारत के हाथ और बिजली से चलने वाले उपकरण क्षेत्र: 25 अरब डॉलर से अधिक निर्यात अवसर' शीर्षक से रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत में लागत के स्तर पर 14 से 17 प्रतिशत नुकसान एक महत्वपूर्ण बाधा है। यह गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जैसे आयात प्रतिबंधों और बढ़े हुए उत्पादन खर्चों से और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, ''मेरी समझ यह है कि हम, कुछ देशों के विपरीत, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के अनुपालन के लिए इतने उत्सुक हैं कि हम कुछ कच्चे माल को बाहर रखने के लिए अन्य तरीकों की तलाश कर रहे हैं और इसके तहत हम गुणवत्ता नियंत्रण आदेश व्यवस्था पर पहुंचे हैं। सरकार ने इस साल की शुरुआत में, सख्त सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घरेलू उपकरणों से लेकर औद्योगिक सामग्रियों तक 150 से अधिक उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अनिवार्य करके गुणवत्ता अनुपालन आवश्यकताओं का विस्तार किया था। बेरी ने कहा, ''नौकरशाही के लिए एक निश्चित प्रतिभा की आवश्यकता होती है, जो हस्तक्षेप के साथ सामने आती है और यह मनमानेपन के कारण शुल्क से भी अधिक घातक है। ये सभी अनुपालन लागत एमएसएमई के लिए नुकसानदायक हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का कहना है कि उसने बेहतर जागरूकता के उद्देश्य से 150 से अधिक उत्पादों को पहले ही सूचीबद्ध कर दिया है। इन अनिवार्य मानकों का दायरा विभिन्न क्षेत्रों तक बढ़ाया गया है। इनके लागू होने की तिथियां अलग-अलग हैं। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में उत्पादन लागत कम करने के लिए स्टील जैसे आवश्यक कच्चे माल पर क्यूसीओ प्रतिबंधों को तर्कसंगत बनाने की भी वकालत की है।

## देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 19 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 98,095 इकाई रह गई। ऊंची कीमतों और नई परियोजनाओं की कम पेशकश इसकी मुख्य वजह रही। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर ने बुधवार को कहा कि संपत्ति की बढ़ती कीमतों और धीमी वृद्धि दर ने खरीदारों को सावधानी बरतने के लिए मजबूर कर दिया है। प्रॉपटाइगर, आरईए इंडिया का हिस्सा है जिसके पास हाउसिंग डॉट कॉम का भी स्वामित्व है। रियल एस्टेट सलाहकार ने अपनी रिपोर्ट 'रियल इनसाइट' में कहा, कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में नई पेशकश में 10 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि डेवलपर ने बाजार की स्थिति के साथ समायोजन बैठाने की कोशिश की। हाउसिंग डॉट कॉम तथा प्रॉपटाइगर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ग्रुप) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, कीमतों में भारी उछाल ने बिक्री पर अपना प्रतिकूल प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है।

# चार दिवसीय दौरे पर 16वें वित्त आयोग के सदस्य आंध्र प्रदेश पहुंचे, मुख्यमंत्री नायडू ने किया स्वागत

एजेंसी



नई दिल्ली। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग के सदस्य मंगलवार रात चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आंध्र प्रदेश पहुंच गए हैं। राज्य के वित्त मंत्री पी. केशव ने सदस्यों का यहां पहुंचने पर स्वागत किया। आयोग के सदस्य 15 से 18 अप्रैल तक आंध्र प्रदेश के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 16वें वित्त आयोग की टीम का राज्य के दौरे पर यहां पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें अमरावती, पोलावरम जैसी प्रमुख परियोजनाओं और विभाजन के बाद की आर्थिक चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आयोग से अतिरिक्त केंद्रीय सहायता और उचित निधि आवंटन का आग्रह किया। आयोग के सदस्य विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। वे विजयवाड़ा स्थित बर्म पार्क में एक औपचारिक रात्रिभोज में भी शामिल होंगे। 16वें वित्त आयोग के सदस्य गुरुवार को तिरुपति जाएंगे, जहां वह स्थानीय निकायों, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद तिरुपति में शुक्रवार को भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना करने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 95,170 रुपये से लेकर 95,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,190 रुपये से लेकर 87,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आई कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 99,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई



है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन ने तैयार किया विशेष अग्निशमन सूट

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के तहत आने वाले राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) ने विशेष अग्निशमन सूट विकसित की है। इन विशेष सूट का इस्तेमाल अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं, रक्षा बलों, तेल और गैस उद्योग, एयरोस्पेस और विमानन, बिजली संयंत्रों और थर्मल उद्योग आदि द्वारा किया जा सकेगा। भारत में इस अग्निशमन सूट का निर्माण अभी शुरुआती दौर में है। वर्तमान में भारत में विशेष अग्निशमन सूट (जिसे अग्नि प्रवेश सूट भी कहा जाता है) ज्यादातर यूरोप, अमेरिका और चीन से आयात किए जा रहे हैं। एनटीटीएम परियोजना को उत्तरी भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) द्वारा अपने औद्योगिक साझेदार मेसर्स सिस्टम 5एस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से पूरा किया जा रहा है।

भारत में मौजूदा समय में सालाना लगभग 1000 सेट की आवश्यकता होगी। ईएन 1486 (एक यूरोपीय मानक जो अग्निशामकों के लिए सुरक्षात्मक कपड़ों की आवश्यकताओं और परीक्षण विधियों को निर्दिष्ट करता है) के अनुसार विशेष अग्निशामकों के लिए सुरक्षात्मक कपड़ों को सिर, हाथ और पैरों सहित पूरे शरीर को विकिरणित गर्मी और लौ के प्रभाव से बचाना चाहिए। इस सुरक्षात्मक गियर में एक परिधान, एक हुड (एकीकृत या अलग), दस्ताने और ओवरबूट शामिल हैं। मेसर्स सिस्टम 5एस प्रा.लि. ने स्वदेशी विशेष अग्निशमन सूट विकसित किया है, जिसे ईएन 1486 या आईएसओ 15538 मानकों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

सूट को एल्युमिनाइज्ड कोटेड ग्लास फैब्रिक, ओपीएएन (ऑक्सीडाइज्ड पॉलीएक्रिलोनिट्राइल) नॉनवुवन बैटिंग और एफआर (फ्लेम रेसिस्टेंट) विस्कोस फैब्रिक का उपयोग करके विकसित किया गया है। औद्योगिक साझेदार ने पहले ही परीक्षण के उद्देश्य से इन सूटों का निर्माण शुरू कर दिया है।

# गांधी परिवार पर ईडी की कार्रवाई के बाद खरगे ने केंद्र सरकार को बनाया निशाना

एजेंसी




नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विफलताओं को छिपाने के लिए कांग्रेस को निशाना बना रही है। यह आरोप प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में अभियोजन शिकायत के बाद लगाया गया है।

खरगे ने एक एक्स पोस्ट में दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन नियंत्रण से बाहर हो रहा है। इस सरकार के पास कोई दृष्टि या समाधान नहीं है, वह महज अपनी गलतियों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए पांच महत्वपूर्ण तथ्य काफी हैं। उहोंने कहा कि व्यापार घाटा तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। टैरिफ और व्यापार युद्ध पर कोई स्पष्ट योजना नहीं है और समाधान की बजाय केवल खोखले शब्द और अनुत्पादक दौरे हुए हैं। उन्होंने आरबीआई के मार्च 2025 के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 90% उपभोक्ताओं ने बताया कि कमोडिटी की कीमतें बढ़ गई हैं। परिणामस्वरूप, 80% से अधिक ने कहा कि उनके खर्च में वृद्धि हुई है, भले ही आय में वृद्धि नहीं हुई। एफएमसीजी फर्मों की राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 25 में धीमी होकर केवल 5% रह गई, जबकि मार्जिन में कोई सुधार नहीं हुआ है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दिसंबर 2024 तक ईंधन पर करों और शुल्कों के रूप में 39 लाख करोड़ रुपये एकत्र करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एलपीजी की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी करने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर बोझ बढ़ गया। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के हवाले से उन्होंने बढ़ती बेरोजगारी के बारे में कहा कि स्नातकों की बेरोजगारी दर 13% और युवा बेरोजगारी दर 10.2% है। देश के 23 में से 22 आईआईटी और 25 में से 23 आईआईआईटी में प्लेसमेंट में गिरावट देखी गई और एनआईटी में प्लेसमेंट में 11% की गिरावट देखी गई।

एफडीआई में गिरावट से भारत को होने वाले नुकसान की चर्चा करते हुए खरगे ने कहा कि अप्रैल से जनवरी 2024-25 तक भारत में शुद्ध एफडीआई 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम था जबकि अप्रैल से जनवरी 2012-13 तक यह 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। उन्होंने दावा किया कि इसके लिए लोग भाजपा को माफ नहीं करेंगे। हम डरेंगे नहीं और सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# एम्स कर्मचारी संघ ने की नड्डा से मुलाकात, वैवाहिक आधार पर स्थानांतरण नीति लागू करने का किया आग्रह

एजेंसी



नई दिल्ली । अखिल भारतीय एम्स कर्मचारी संघ ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से वैवाहिक आधार पर स्थानांतरण नीति लागू करने का आग्रह किया है। इस संबंध में संघ के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उन्हें को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्वास्थ्य मंत्रालय से एम्स और मंत्रालय के अधीन अन्य चिकित्सा संस्थानों के कर्मचारियों के लिए वैवाहिक आधार पर स्थानांतरण नीति लागू करने का आग्रह किया गया है।

संघ का तर्क है कि ऐसी नीति को न लागू होने से महिला कर्मचारियों के खिलाफ अप्रत्यक्ष भेदभाव होता है, जो सामाजिक अपेक्षाओं और पितृसत्तात्मक मानदंडों से असमान रूप से प्रभावित होती हैं। इसके परिणामस्वरूप, महिलाएं अपनी नौकरी छोड़ देती हैं या कार्यबल से बाहर हो जाती हैं, जो गैर-भेदभाव और समान अवसर के उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। इस ज्ञापन में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी कई कार्यालय ज्ञापनों का उल्लेख किया गया है, जिनमें 1986, 1997, 2004 और 2009 में जारी किए गए नियम शामिल हैं, जो पति और पत्नी को एक ही स्थान पर नियुक्त करने के महत्व पर जोर देते हैं, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें और अपने बच्चों की शिक्षा और कल्याण सुनिश्चित कर सकें। संघ ने मंत्रालय से अनुरोध किया है कि वह ऐसे कानून और नीतियां बनाए, जो एम्स कर्मचारियों को एम्स और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाले अन्य चिकित्सा संस्थानों के बीच स्थानांतरित करने में सुविधा प्रदान करें, जिसमें उपरोक्त डीओपीटी के ज्ञापनों को ध्यान में रखा गया हो।

# दिल्ली में 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों का आयोजन 23 अप्रैल से 3 मई तक

एजेंसी

पहली बार 'संस्कृत सीखो' अभियान : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। संस्कृत भारती दिल्ली में 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों का आयोजन 23 अप्रैल से तीन मई तक करने जा रही है। ये सभी शिविर निःशुल्क होंगे और इनका आयोजन विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों तथा सामुदायिक स्थलों जैसे कि आरडब्ल्यूए, आश्रम, धर्मशाला, आर्य समाज मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, गुरुकुल आदि में किया जाएगा। इस आयोजन में संस्कृत अकादमी दिल्ली उनका सहयोग करेगी। संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम और दिल्ली प्रांत अध्यक्ष डॉ. वागीश भट्ट ने बुधवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी साझा की। इस मौके पर दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, सांसद मनोज तिवारी, संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम और दिल्ली प्रांत अध्यक्ष डॉ. वागीश भट्ट ने अपने विचार साझा किए। कपिल मिश्रा ने दिल्ली के सभी नागरिकों से संस्कृत सम्भाषण शिविरों में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह केवल भाषा सीखने का अवसर नहीं है बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने का अद्वितीय अवसर है।

भाजपा सासंद मनोज तिवारी ने कहा कि अब तक हमने 'अंग्रेजी सीखो' जैसे अभियान देखे हैं लेकिन यह पहली बार है, जब हम इतने भव्य रूप में 'संस्कृत सीखो' अभियान देख रहे हैं। संस्कृत संस्कृति से जुड़ने का माध्यम है—यह कठिन नहीं, बल्कि प्राचीन होते हुए भी आधुनिक है। संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री जयप्रकाश गौतम ने कहा कि संस्कृत सरलम् अपि च सर्वेषां। संस्कृत जनभाषा बने। यह हर भारतीय भाषा की जननी है। यह कम्प्यूटर-युक्त भी है, और भारत की प्रतिष्ठा के लिए संस्कृत और संस्कृति दोनों की पुनर्स्थापना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि समापन समारोह का आयोजन चार मई को दिल्ली विश्वविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। यह समापन समारोह केवल एक समापन नहीं, बल्कि एक संस्कृत महोत्सव और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का उत्सव होगा।

दिल्ली प्रांत अध्यक्ष डॉ. वागीश भट्ट ने कहा कि प्राचीन काल से स्पेन में स्पेनी बोली जाती है, चीन में चीनी बोली जाती है तो भारत में संस्कृत क्यों नहीं? आइए हम सब संकल्प लें कि संस्कृत को अपनी मातृभाषा बनाएं। संस्कृत सम्भाषण शिविर अभियान एक जनजागरण है, जिसका उद्देश्य संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाकर भारत की आत्मा को पुनः जाग्रत करना है।

शिविर की विशेषताएं : हर प्रतिभागी को 20 घंटे का सम्भाषण प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक दिन 2 घंटे की कक्षा कुल 10 दिनों तक रहेगी। यह शिविर हर आयु वर्ग, सामाजिक पृष्ठभूमि और शैक्षिक योग्यता वाले लोगों के लिए खुले हैं। यह केवल भाषा सिखाने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों, नैतिकता, पारिवारिक संरचना और सामाजिक सिद्धांतों की शिक्षा भी संस्कृत के माध्यम से दी जाएगी।

# पेज एक का शेष

## वक्फ ...

को लेकर उन्होंने तर्क दिया कि वक्फ संपत्तियों को केवल इसलिए अमान्य नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उन्हें बाद में प्राचीन स्मारक घोषित कर दिया गया है।

इस परए न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से टिप्पणी की कि स्मारक का द़र्जा दिए जाने से पहले घोषित किए जाने पर वक्फ का द़र्जा बरकरार रहेगा।

इसके अलावा श्री सिब्बल ने धारा 3ई पर निशाना साधते हुए तर्क दिया कि अधिनियम में प्रशासनिक संदर्भ में मुसलमानों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में अनुचित रूप से सूचीबद्ध किया गया है और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना की आलोचना की। उन्होंने इसकी तुलना हिंदू और सिख बंदोबस्त से की और कहा कि उनकी संबंधित परिषदों में सभी नामांकित व्यक्ति अपने-अपने धर्मों से हैं।

पीठ की ओर से न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि धार्मिक अधिकारों को संपत्ति के मुद्दों के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए संपत्तियां धर्मनिरपेक्ष हो सकती हैं केवल प्रशासन में धार्मिक आयाम हो सकते हैं।

श्री सिब्बल ने तर्क देते हुए कहा कि धारा 9 कथित रूप से मुस्लिम सदस्यता को अनुपातहीन रूप से प्रतिबंधित करती है।

धारा 14 को नामांकन के माध्यम से वक्फ बोर्डों के पूर्ण अधिग्रहण की अनुमति देने के रूप में देखा जाता है। धारा 36ए औपचारिक पंजीकरण के बिना उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अनुमति देने का बचाव किया गया।

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने संवेदनशीलता को स्वीकार करते हुए टिप्पणी की हमें बताया गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय भी वक्फ भूमि पर हो सकता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उपयोगकर्ता आधारित वक्फ अमान्य है लेकिन चिंताएँ वास्तविक हैं।

श्री सिंघवी ने अयोध्या फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को ऐतिहासिक रूप से मान्यता दी गई थीए और सवाल किया कि क्या संसद अब धारा 2 आर आई के तहत इसके आधारभूत आधार को हटा सकती है।

याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस.ए.इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह ख़ान समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं।

इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जमीयत उलेमा.ए.हिंदए द्रविड़ मुनेत्र कषग इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग वायएसआरसी पार्टीए समस्त केरल जमीयत उलेमा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं।

## उच्चतम...

13 मई 2025 तक है। इसके बाद वह सेवानिवृत्ति हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गवई को 24 मईए 2019 को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। परंपरा के अनुसारए निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी सेवानिवृत्ति से एक महीने पहले सरकार को अपने उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा करते हैं। मुख्य न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति गवई की नियुक्ति एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगीए क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के जी बालकृष्णन के बाद न्यायपालिका के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले दलित पृष्ठभूमि के दूसरे व्यक्ति बन जाएंगे। न्यायमूर्ति गवई कई राज्यों के राज्यपाल रहे प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ आर एस गवई के पुत्र हैं। अमरावती में 24 नवंबरए 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई 16 मार्चए 1985 को वकालत शुरू की थी। उन्होंने 1987 तक बार के पूर्व महाधिवक्ता और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिवंगत राजा एस भोंसले के साथ काम किया। उन्होंने 1987 से 1990 तक बॉम्बे उच्च न्यायालय में स्वतंत्र रूप से वकालत की। वर्ष 1990 के बाद उन्होंने मुख्य रूप से संवैधानिक कानून और प्रशासनिक कानून में बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के समक्ष वकालत की। वव नागपुर नगर निगमए अमरावती नगर निगम और अमरावती विश्वविद्यालय के स्थायी वकील थे। वह विभिन्न स्वायत्त निकायों और निगमों और विदर्भ क्षेत्र में विभिन्न नगर परिषदों के लिए भी नियमित रूप से पेश हुए। अगस्तए 1992 से जुलाईए 1993 तक उन्हें बॉम्बे उच्च न्यायालय के नागपुर पीठ में सहायक सरकारी वकील और अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें 17 जनवरीए 2000 को नागपुर पीठ के लिए सरकारी वकील और लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया।

न्यायमूर्ति गवई को 14 नवंबरए 2003 को उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह 12 नवंबरए 2005 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बन गए। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मुंबई में मुख्य सीट के साथ.साथ नागपुरए औरंगाबाद और पणजी में सभी प्रकार के असाइनमेंट वाली पीठों की अध्यक्षता की।

## रेलवे...

उत्तराखंड की ही नहीं बल्कि पूरे भारत में सबसे लंबी सुरंग है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर यह पहली बार है जब देश के पहाड़ी इलाकों में रेल सुरंग बनाने के लिए टीबीएम तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने बताया कि 9.11 मीटर व्यास वाली इस सिंगल-शील्ड रॉक टीबीएम ने काम में जो तेजी और सटीकता दिखाई है, वह वैश्विक स्तर पर एक नया मापदंड स्थापित करती है। रेल मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना उत्तराखंड के ऋषिकेश, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगी। रेल मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से ऋषिकेश से कर्णप्रयाग का सफर सात घंटे से घटकर सिर्फ दो घंटे का हो जाएगा। यह हर मौसम में दूरदराज के इलाकों तक पहुंच आसान करेगा और उत्तराखंड में पर्यटन व आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह चार धाम रेल परियोजना को पूरा करने की दिशा में भी बड़ा कदम है। इस उपलब्धि के साथ आरवीएनएल ने भारत के सबसे मुश्किल इलाकों में आधुनिक निर्माण तकनीक में अपनी मजबूत जगह बनाई है। यह सफलता न सिर्फ एक सुरंग की कहानी है, बल्कि एक नए, मजबूत और कनेक्टेड भारत की शुरुआत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सुरंग उत्तराखंड के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना राज्य के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में एक अहम भूमिका निभाएगी। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी एक नई गति देगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई दिशा और गति मिली है। देवप्रयाग-सौड़ से श्रीनगर जनासु तक की यह सुरंग तकनीकी दृष्टि से भी एक बड़ी उपलब्धि है और यह दिखाती है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हम विकास के कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे भी हो चुका है, जल्द ही उस पर भी आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित, आरवीएनएल के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक?टर प्रदीप गौर, अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक राम चंद्र शेट, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा, प्रबंधक निदेशक भानु प्रकाश, मुख्य परियोजना प्रबंधक आरवीएनएल अजित यादव, महाप्रबंधक आरवीएनएल सुमित जैन आदि मौजूद रहे।

## नासिक...

का प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। भीड़ द्वारा किये गए पथराव में 31 पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हुए हैं। भीड़ में शामिल संदिग्ध हमलावरों की 57 बाइकें पुलिस ने जब्त कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि पत्थरबाजी की घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया और सतपीर दरगाह के अवैध निर्माण को दो जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया है। नासिक नगर निगम की टीम मौके पर मलबा तेजी से हटा रही है। फिलहाल काठे गली इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और यहां तनावपूर्ण शांति है। दरअसल नासिक नगर निगम ने अवैध सातपीर दरगाह पर बने अवैध निर्माण कार्य को 15 दिनों के भीतर हटाने का नोटिस जारी किया था। लेकिन इस दौरान दरगाह में बने अवैध निर्माण कार्य को हटाया नहीं गया था, इसी वजह से नासिक नगर निगम ने बुलडोजर कार्रवाई की ।

## कवर्धा कलेक्टर...

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया है कि मेल मिलने के बाद सतर्कता बरतते हुए तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पूरे कार्यालय को सील कर बम डिस्पोजल दस्ता को बुलाया गया। पुलिस ने बम डिस्पोजल दस्ता के साथ कलेक्टर कार्यालय के अंदर बारीकी से छानबीन की। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवाई ने बताया कि यह मेल कबीरधाम कलेक्टर के आधिकारिक मेल आईडी पर आयी है। मेल में कहा गया, ''कवर्धा जिला मुख्यालय में स्थित कलेक्टर कार्यालय में एक बारूदी सुरंग इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस लगायी गयी है और हम इसे दोपहर 2.30 बजे तक उड़ा देंगे। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनकजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है ।

## आगामी ...

5-6 नाम देंगे, जिसमें से जिलाध्यक्ष को चुना जाएगा। स्थानीय और जनता की समस्याओं को उठाने वाले नेताओं को पार्टी आगे बढ़ाएगी, उन्हें सशक्त बनाएगी। इस अवसर पर मुकुल वासनिक, केसी वेणुगोपाल, शक्तिसिंह गोहिल, अमित चावडा, शैलेष परमार आदि समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन कर गुजरात से इस पायलट प्रोजेक्ट का आगाज कर चुकी है। गुजरात के 41 जिला प्रमुखों के चयन एआईसीसी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं को आब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। इससे पूर्व दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आए राहुल गांधी ने 15 अप्रैल को अहमदाबाद में एआईसीसी के ऑब्जर्वरों के साथ बैठक की और दूसरे दिन 16 अप्रैल को उन्होंने मोडासा में बूथ प्रमुखों के साथ संवाद किया ।

## बसपा...

की सरकारों में कानून व्यवस्था, रोजगार, महिला, किसानों, उपेक्षितों के हितों की रक्षा-सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने पर बल दिया गया था। इसलिए यूपी और उत्तराखंड में भाजपा की सरकारों को भी धर्म को कर्म के बजाए कर्म को धर्म मानकर कार्य करने का सही संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए।

बसपा मायावती ने कहा कि साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनायी जा रही है। बसपा यह चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। मायावती ने कहा कि दलित समाज के वोटों के स्वार्थ की खातिर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर याद करने की होड़ सी लगी रही, लेकिन ऐसे समय पर भी उनकी प्रतिमाओं का अनादर व उनके अनुयाइयों को प्रताड़ित करने व हत्या की वारदातें साबित करती है कि इन बसपा विरोधियों में बाबा साहेब के प्रति आदर-सम्मान राजनीति से प्रेरित छलावा है। बाबा साहेब का आदर तभी संभव है जब उनके बनाये गए देश के मानवतवादी, कल्याणकारी संविधान को उनके धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के आधार सभी जातियों व धर्म के मानने वालों को एक समान बराबरी से जीने का हक दिया जाए। उनके जान माल व मजहब के सुरक्षा की गारंटी सरकार सुनिश्चित करें।

## ईडी...

प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा की इस डीएलएफ जमीन घोटाले में मदद की थी।

मुर्शिदाबाद ...

मौके पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन का अनुमान है कि लगभग 500 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए थे। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि यह संख्या हजार से ऊपर थी और कई लोग झारखंड और मालदा तक चले गए थे। रविवार को 19 लोग लौटे, सोमवार को 49 और मंगलवार रात तक 72 और लोग वापस आए।जिलाधिकारी दीन नारायण घोष ने बताया कि हम सभी को आश्वस्त कर रहे हैं। डरने की कोई जरूरत नहीं है। दो सामुदायिक रसोई चलाई जा रही हैं और राहत किट दी जा रही हैं। जंगीपुर पुलिस जिले के एसपी आनंद राय ने कहा कि क्षेत्र में पूर्णतः शांति है। अब घर न लौटने का कोई कारण नहीं।

पुलिस के मुताबिक अब तक 1,093 सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक किया जा चुका है जो अफवाह और उकसावे की सामग्री फैला रहे थे। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतीम सरकार ने कहा कि फ़ेसबुक, एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों पर ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है।

पुलिस द्वारा बनाए गए बूथ-स्तरीय शांति समितियों में स्थानीय और राजनीतिक प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। स्थानीय स्तर पर स्वीकार्य व्यक्तियों को इन समितियों का प्रमुख बनाया गया है, जिनकी जिम्मेदारी किसी भी अफवाह या समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को देना है।

बीएसएफ ने कहा-सभी के लिए काम कर रहे

बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी नीलोत्पल पांडे ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि हम किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य हिंसा प्रभावित इलाकों में शांति बहाल करना है और हम 100 प्रतिशत लोगों की घर वापसी सुनिश्चित करना चाहते हैं।

## मुर्शिदाबाद ...

रखी गई है। कुल 17 कंपनियों की केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। नवग्राम और लालगोला थाना क्षेत्र में सुरक्षा बल गश्त कर रहे हैं। बेलडांगा, शक्तिपुर, रेजीनगर, कांदी और नवदा में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद राय ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और कोई नई हिंसा की घटना नहीं घटी है।

मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों के परिजनों से पुलिस लगातार संपर्क में है। विस्थापित लोग अपने घरों को लौट रहे हैं और शुक्रवार तक सभी को सुरक्षित घर पहुंचा दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री...

मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति स्टब ने भारत-यूरोपीय संघ के बीच घनिष्ठ संबंधों और जल्द से जल्द पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए के समापन के लिए फिनलैंड के समर्थन को व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ळ्राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूक्रेन की स्थिति सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

# निर्वाचन आयोग ने शुरू कीं बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां, बीएलए को दिया जा रहा प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा के आगामी चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने इसके मद्देनजर बिहार के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है।

भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के मान्यता प्राप्त 10 राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने बीएलए को संबोधित किया। बीएलए को उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। बीएलए को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किया जाता है और वे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार त्रुटि-रहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# मुख्यमंत्री ने 23 बोलेरो कैंपर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में वन एवं वन्य जीव सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से कैंपा योजना से खरीदे गए 23 बोलेरो कैंपर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों से संवेदनशील वन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाकर वन अपराधों पर नियंत्रण को अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी। वनाग्नि प्रबंधन और मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण एवं तेजी से रेस्क्यू कार्य के लिए भी इन वाहनों का उपयोग किया जाएगा। वृक्षारोपण अभियानों की निगरानी के साथ ही भू-स्खलन, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में वन एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के त्वरित व प्रभावी संचालन में भी ये वाहन काफी उपयोगी सिद्ध होंगे। मौके पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पिछले तीन साल में लगातार कैंपा योजना के बजट में वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में 237 करोड़, 2024-25 में 302 करोड़ की धनराशि का व्यय हुआ है। वर्ष 2025-26 में कैंपा के तहत प्रस्तावित 439.50 करोड़ रुपये की लागत की वार्षिक योजना स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार को भेजी गई है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# आयकर कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता का प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कांग्रेसियों ने अपने नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कंग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को सिविल लाइंस रूड़की स्थित आयकर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए उल्टे सीधे हथकंडे अपना रही है। प्रदर्शन के दौरान विधायक कलियर फुरकान अहमद ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए जिस प्रकार से ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस इसके खिलाफ मजबूती से अपनी लड़ाई लड़ेगी। महानगर कंग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि विपक्ष को कमजोर करने के लिए सरकार ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कंग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ इस लड़ाई को लड़ेगा। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष चौधरी, भूषण त्यागी, सतीश कुमार, विकास सैनी, अनिल पुंडीर, सुशील कश्यप मीर हसन, शमशाद अहमद, हरविंदर सिंह, वीना आनन्दी, यास्मीन खान, अजय राठौर, रिजवान, गगनदीप, मुराद आदि लोग उपस्थित रहे।

## नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रूड़की कोतवाली पुलिस व सीआईयू रूड़की की टीम ने नशीले इंजेक्शनों की बड़ी खेप के साथ बुधवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार व इंजेक्शन बेचकर कमायी गयी 50 हजार की नगदी भी बरामद की है। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद नशे के कई तस्कर पुलिस की रडार पर हैं। जानकारी के मुताबिक रूड़की सीआईयू प्रभारी व रूड़की कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने रूड़की के डमडम चौक में चेकिंग के दौरान एक कार से 2915 इंजेक्शन ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड बरामद किए। इसके साथ पुलिस ने इंजेक्शन बेचकर कमाई गई 50 हजार की नगदी भी बरामद की। आरोपित ने इंजेक्शनों की खेप को कार संख्या यूके-08 बीसी-4675 की डिग्गी में छिपाया हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपित तस्कर व्हाट्सएप के माध्यम से बातचीत कर उत्तरप्रदेश से नशा तस्करों से सस्ते दामों में इंजेक्शन खरीदकर उन्हें रूडकी, हरिद्वार क्षेत्र में मंहगें दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। पुलिस टीम अब चिन्हित किए गए सप्लायर्स की तलाश कर पूरी सप्लाई चेन को कानून की जद में लाने का प्रयास कर रही है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पता सुलेमान पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम बुढ्ढाहेडी थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया।

# कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में कंग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किये जाने के विरोध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ बुधवार को यहां प्रदर्शन किया।

पार्टी महासचिव सचिन पायलट ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कोई तथ्य नहीं है और ईडी की कार्रवाई 'राजनीति से प्रेरित' है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के पास कोई सबूत नहीं है और वह केवल विपक्ष की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, कंग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पूरे मामले को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा रची गई 'साजिश' करार दिया। कंग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा डर के कारण प्रतिशोध की और ओच्छी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ''भाजपा के दुष्प्रचार को अदालत में चुनौती देगी। दिल्ली प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार ल्लझूठे आरोपपत्रङ्क दाखिल करके श्री गांधी या फिर कंग्रेस पार्टी को डरा नहीं सकती। उन्होंने कहा, इस लड़ाई में पार्टी का हर कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा रहेगा। आज देश में हालात ऐसे हैं कि जो भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसकी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गौरतलब है कि कंग्रेस ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए राज्यों में ईडी के कार्यालयों और केंद्र सरकार के कार्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी।



## मेला आरक्षित भूमि को बेचे जाने की चर्चा, डीएम ने जानकारी जुटाने के दिए निर्देश

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार स्थित सैंकड़ों बीघा मेला आरक्षित भूमि को बेचने की चर्चाओं से धर्मनगरी का माहौल गर्म है। हरिद्वार में मेला भूमि लगातार सिकुड़ती जा रही है। इसलिए इस चर्चा के बाद हरिद्वार प्रशासन भी संदर्भित भूमि को लेकर सतर्क हो गया है। उत्तरी हरिद्वार में दूधाधारी तिराहे के निकट सैंकड़ों बीघा कुंभ आरक्षित खाली भूमि है। जिसका उपयोग वर्षों से मेला पर्वों पर यात्री पड़ाव के रूप में होता आ रहा है। अभिलेखों में यह भूमि हरिद्वार के पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. पारस कुमार जैन के नाम है, जिसे पंजाब के किसी अखाड़े से खरीदना बताया गया है और जिसका प्रबंधन फिलहाल उनके पुत्र तोष जैन देखते हैं। फिलहाल शहर में चर्चा है कि अरबों रुपए की इस भूमि का सौदा कर दिया गया है। जबकि मेला आरक्षित भूमि पर कई तरह के प्रतिबंध होते हैं और हरिद्वार, ऋषिकेश में ऐसी कई जमीनें सालों से ज्यों की त्यों चली आ रही हैं।

# खानपुर में सिडकुल परियोजना पर नहीं लगेगा ब्रेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। खानपुर क्षेत्र में प्रस्तावित सिडकुल परियोजना को लेकर उठे विरोध के स्वर अब थमते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायत के जवाब में सिडकुल प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया है कि इस परियोजना के लिए स्वीकृत धनराशि को रोका नहीं जा सकता। सिडकुल के प्रबंध निदेशक प्रतीक जैन द्वारा अपर सचिव औद्योगिक विकास विभाग को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि दिसम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेशकों ने हरिद्वार के आसपास औद्योगिक भूमि की मांग की थी। चूंकि हरिद्वार सिडकुल में अब भूमि उपलब्ध नहीं है, ऐसे में खानपुर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को स्वीकृति मिल चुकी है।

भारत सरकार द्वारा ऋण के रूप में धनराशि भी उपलब्ध करा दी गई है, और अवस्थापना विकास कार्यों की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रतीक जैन ने कहा कि इस परियोजना से राज्य को लगभग 5000 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश प्राप्त होगा, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 5000 और अप्रत्यक्ष रूप से 10,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। ऐसे में वित्तीय स्वीकृति को रोकना संभव नहीं है। गौरतलब है कि जिला पंचायत सदस्य कुंवरानी देवयानी सिंह ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर इस परियोजना की धनराशि रोके जाने की मांग की थी। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त पत्र को अब स्पेशल क्लोज कर दिया गया है। वहीं खानपुर में सिडकुल बनने की स्वीकृति मिल जाने से युवाओं में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि खानपुर में सिडकुल लगेगा तो क्षेत्र के लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, बेरोजगारी मिटेगी।

# सर्किल अधिकारी प्रिंस राज के दो ठिकानों पर एसवीयू की रेड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने सर्किल अधिकारी (सीओ) प्रिंस राज के दो ठिकानों पर आज सुबह छापेमारी की है। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई है। छापेमारी शेखपुरा और मधुबनी स्थित उनके ठिकानों पर एक साथ की गई, जिससे इलाके में हलचल मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीओ प्रिंस राज पर उनके ज्ञात स्त्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उनके पास आय से लगभग 90 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसवीयू ने उनके ठिकानों पर एक संगठित तरीके से छापेमारी की। छापेमारी की इस कार्रवाई में एसवीयू की एक विशेष टीम शामिल है, जिसका नेतृत्व डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। टीम ने दोनों ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच, नकदी और अन्य कीमती सामान की गिनती शुरू कर दी है। संभावना है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और प्रमाण बरामद किए जा सकते हैं, जो इस मामले की गहराई को उजागर कर सकते हैं। अभी तक एसवीयू की ओर से कोई आधिकारिक प्रेस रिलीज नहीं आई है, लेकिन सूत्रों की मानें तो छापेमारी के दौरान टीम को करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति, संदिग्ध जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेज, भारी नकदी और कई शेल कंपनियों से जुड़ी जानकारी हाथ लगी है। इसके अलावा कुछ डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए हैं जिनका विश्लेषण विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीओ प्रिंस राज को हाल ही में सरकार ने निलंबित कर दिया था।

# देहरादून, बंजारावाला में महिला समूहों को धूप अगरबत्ती बनाने का 05 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देहरादून में जिला प्रशासन द्वारा स्वयं सहायता समूह की आजीविका संवर्धन के लिए महिलाओं को धूप-अगरबत्ती बनाने का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देवभूमि के प्रसिद्ध ब्रांड भावना लक्जरी धूप के सह संस्थापक विकास उनियाल के माध्यम से टी-स्टेट, बंजारावाला में यह प्रशिक्षण शुरू कराया गया है। जिसमें महिलाओं को धूप-अगरबत्ती एवं पूजा सामग्री की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन के हुनर सिखाए जा रहे है। जिला प्रशासन द्वारा चारधाम यात्रा के दौरान महिला समूहों द्वारा निर्मित प्रोडक्ट को आउटलेट के माध्यम से विपणन की व्यवस्था भी की गई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड सहसपुर से 05, डोईवाला से 11, विकासनगर से 03, चकराता से 01 और रायपुर से 05 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। बताते चले की भावना लक्जरी धूप के सह संस्थापक एवं प्रशिक्षक श्री उनियाल को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा पूर्व में बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट और जिले में एमएसएमई के अंतर्गत लघु उद्योग व्यवसाय में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा चुका है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि जिले के कुछ विकास खण्डों में समूह की महिलाओं द्वारा काफी समय से धूप-अगरबत्ती बनाने का काम किया जा रहा है, परन्तु प्रशिक्षण के अभाव में समूह की महिलाए इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रही थी, लेकिन इस 05 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के बाद उन्हें, धूपबत्ती, अगरबत्ती बनाने के क्षेत्र में नए प्रयोग सीखने और देखने को मिलेंगे। इस तकनीकी के उपयोग से महिलाएं आगामी चारधाम यात्रा के दौरान धूपबत्ती, अगरबत्ती, हवन सामग्री इत्यादि की बिकी करते हुए अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकती है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मंदिर के फूलों का प्रयोग करते हुए धूपबत्ती और बांस रहित अगरबत्ती एवं हवन सामग्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रोडक्ट की उच्च गुणवत्ता की पैकेजिंग एंड ब्रांडिंग के हुनर भी सिखाए जा रहे है। विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लेकर समूह की महिलाओं को इस व्यवसाय को समझने में आसानी होगी और आगे वे अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकेंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला मिशन प्रबंधक इकाई को निर्देशित किया कि एसएचजी महिलाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण के आउटकम पर विशेष ध्यान दिया जाए और प्रशिक्षण के बाद महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री को विभिन्न आउटलेट के माध्यम से विपणन करवाने के लिए आवश्यक सहयोग एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।



## पुरानी रंजिश को ले गोलीबारी, 20 खोखा के साथ 2 आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बिहार गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस के 20 खोखे भी बरामद किए। काशीचक के थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कई लोग हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र भवानीपुर और लीला बीघा गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में खुलेआम हथियार लहराकर कई राउंड फायरिंग करते लोग नजर आ रहे हैं।एसपी अभिनव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया, जिसके बाद इलाके में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। फायरिंग के संबंध में बताया जा रहा है कि यह मामला दो पक्षों के आपसी जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को 20 गोली और खोखे के साथ गिरफ्तार किया है। गांव में आपसी रंजीत को लेकर खुलेआम हथियार लहराया गया और फायरिंग की घटना हुई,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नवादा पुलिस कप्तान अभिनव धीमान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन कर मामले का पटाक्षेप करने का निर्देश दिया था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063